फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 64, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 29 मार्च 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## न्यूज फ्लैश

### वायु सेना के वाहन काफिले को देश भर में रफ़्तार देगा 'फ्लीट कार्ड-फ्यूल ऑन मूव'

**नई दिल्ली:** भारतीय वायु सेना ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के सहयोग से अपने विभिन्न वाहनों के बेड़े के लिए 'फ्लीट कार्ड-फ्यूल ऑन मूव' पेश करके ईंधन आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में एक छलांग लगाई है। भारतीय वायु सेना की इस अभिनव पहल से ईंधन के रसद प्रबंधन में जल्द ही आदर्श बदलाव दिखने की उम्मीद है। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने वायु सेना के वाहनों के लिए ऊर्जा सुरक्षा 'फ्लीट कार्ड' की लॉन्चिंग सोमवार को सुब्रतो पार्क में की। इस मौके पर वेस्टर्न एयर कमांड के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल एस प्रभाकरन और आईओसीएल के अध्यक्ष एसएम वैद्य भी मौजूद रहे। मुख्यालय पश्चिमी वायु कमान को 'फ्यूल ऑन मूव' की इस योजना के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी दी गई थी। फ्लीट कार्ड की उपलब्धता से वाहनों के काफिले को आईओसीएल के किसी भी स्टेशनों पर ईंधन भरने की अनुमति मिलेगी, जिससे आवाजाही की गति में वृद्धि होगी और देश भर में परिचालन स्थानों पर तैयारी के लिए समय में कमी आएगी।

### सीबीआई टीम को डरा रही हैं सीएम ममता बनर्जी: अधीर

**नई दिल्ली:** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बीरभूम हत्याकांड में छानबीन करने गई केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) की टीम को डराने की कोशिश कर रही हैं। चौधरी ने सीएम ममता बनर्जी के उस बयान पर विरोध जताया जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर सीबीआई भाजपा के इशारों पर जांच को अंजाम देगी तो उनकी पार्टी सीबीआई का विरोध करेगी। चौधरी ने सोमवार को दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि किसी मुख्यमंत्री को ऐसी भाषा नहीं बोलनी चाहिए। कांग्रेस ने भी कोर्ट में सीबीआई की देख रेख में जांच कराने की मांग की थी।

# 'कश्मीर में हुआ पंडितों का नरसंहार'

## वाशिंगटन स्थित संस्था में हुई विशेष सुनवाई में 12 कश्मीरी पंडितों ने गवाही देते हुए जुल्मों की दास्तां सुनाई, 1989 से 1991 के बीच कश्मीर में कश्मीरी पंडितों का नरसंहार किया






**वाशिंगटन:** इंटरनेशनल कमीशन फॉर ह्यूमन राइट्स एंड रिलीजियस फ्रीडम (आईसीएचआरआरएफ) ने माना है कि 1989 से 1991 के बीच कश्मीर में कश्मीरी पंडितों का नरसंहार किया गया। वाशिंगटन स्थित संस्था में हुई विशेष सुनवाई में 12 कश्मीरी पंडितों ने गवाही देते हुए जुल्मों की दास्तां सुनाई। आयोग ने भारत सरकार और जम्मू-कश्मीर की सरकार को इसे नरसंहार मानते हुए दोषियों को सख्त सजा का आह्वान किया है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता आयोग, मानव अधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है। कश्मीरी पंडितों के नरसंहार के मुद्दे पर आयोग की सुनवाई में कई पीड़ितों शपथपूर्वक गवाही दी और साक्ष्य प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि यह जातीय व सांस्कृतिक संहार था। आयोग ने कहा है कि वह नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराधों के पीड़ितों और बचे लोगों की गरिमा सुनिश्चित करने और ये अपराध करने वालों को सजा दिलाने के लिए तत्पर है। आयोग ने भारत सरकार और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर की सरकार से कश्मीरी हिंदुओं पर 1989-1991 के अत्याचारों को नरसंहार के रूप में स्वीकार करने का आह्वान किया है। आयोग ने अन्य मानवाधिकार संगठनों, अंतरराष्ट्रीय निकायों से इसकी पड़ताल करने और इसे नरसंहार मानने की भी अपील की है।

आयोग ने कहा कि दुनिया को कश्मीरी पंडितों के साथ हुए जुल्म की कहानियों को सुनना चाहिए। इन अत्याचारों के प्रति पूर्व में बरती गई निष्क्रियता पर गंभीरता से आत्मनिरीक्षण करना चाहिए और उसे नरसंहार के रूप में मान्यता प्रदान करना चाहिए। सुनवाई के दौरान पीड़ितों के अनेक परिजनों ने इसकी तुलना यहूदियों के नरसंहार से की।

### पंडितों ने जो दर्द झेला उसे पूरा देश महसूस करें: मनीष सिसोदिया



**नई दिल्ली:** वर्ष 1989 में कश्मीरी पंडितों ने जो दर्द झेला उसे पूरा देश महसूस करें। एक आम हिन्दुस्तानी भी उनके दर्द को समझे, इसलिए द्यद कश्मीर फाइल्सद्ध को कमाई का धंधा न बनाकर उसे यू-ट्यूब पर डाला जाए, ताकि देश का हर एक व्यक्ति उस दर्द को देखे व समझे। यह कहना है उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का। उपमुख्यमंत्री ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यह अच्छी बात है कि कश्मीरी पंडितों के दुःख को दिखाते हुए फिल्म बनाई गई। साथ ही इस फिल्म ने कश्मीरी पंडितों के नाम पर 200 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई तो, अब समय है कि इस पैसे को उनके वेलफेयर में लगाया जाए, ताकि वर्षों से कश्मीरी पंडितों के जले हुए घर, उजड़े बागानों को ठीक किया जा सके।

## पद्म पुरस्कार: राष्ट्रपति ने कल्याण सिंह को मरणोपरांत पद्म विभूषण से किया सम्मानित



**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह (मरणोपरांत) सहित 64 को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। कल्याण सिंह के पुत्र राजबीर सिंह पिता के स्थान पर पद्म विभूषण ग्रहण किया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह के दूसरे चरण में राष्ट्रपति कोविन्द ने वर्ष 2022 के लिए दो पद्म विभूषण, 9 पद्म भूषण और 53 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किए। पहले चरण में 21 मार्च को आयोजित अलंकरण समारोह में देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत (मरणोंपरांत) सहित कुल 64 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया था। इस वर्ष कुल 128 हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किये गये हैं।


## भाजपा स्थापना दिवस पर विधायक, सांसद और मंत्रियों को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थापना दिवस 6 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्यकताओं, सांसदों, विधायकों और मंत्रियों को संबोधित करेंगे। भाजपा सूत्रों ने बताया कि इस स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री सुबह 10 बजे कार्यकताओं, विधायकों, सांसदों और मंत्रियों को संबोधित करेंगे। सूत्र बताते हैं कि सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया है कि वह स्थापना दिवस 6 अप्रैल से 14 अप्रैल (अंबेडकर जयंती) तक सेवा कार्य और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करें।

उल्लेखनीय है कि भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी।

## देश के सभी राज्यपाल भवनों में भी होगा 'परीक्षा पे चर्चा' का सीधा प्रसारण: धर्मेंद्र




नई दिल्ली: केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि परीक्षा पे चर्चा का पांचवां संस्करण पहली अप्रैल को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में होगा। इसका सीधा प्रसारण देश के सभी राज्यपाल भवनों और शैक्षणिक संस्थानों में भी होगा। केंद्रीय मंत्री प्रधान ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कोरोना दिशा-निदेर्शों को ध्यान में रखते हुए तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाले संवाद कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दिल्ली और एनसीआर के केवल एक हजार विद्यार्थियों को ही आमंत्रित किया जाएगा जबकि वर्चुअल माध्यम से देश और विदेश के तमाम विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षक जुड़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में भाग लेने के लिए छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को कुछ प्रतियोगिताओं में भाग लेना था। इसके लिए 15 लाख से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया था। प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन के आधार पर दो हजार का चयन किया गया है। इन दो हजार छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों में से एक हजार को ही परीक्षा पे चर्चा 2022 में भाग लेने के लिए बुलाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि इन एक हजार प्रतिभागियों में से कुछ कम आत्मविश्वास वाले, कुछ मध्यम वर्ग के और कुछ शिक्षक भी हैं।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि वापस लें सरकार: विपक्ष




**नई दिल्ली:** विपक्ष ने सोमवार को ईंधन और रसोई गैस की कीमतों में की गई वृद्धि को वापस लेने की मांग की। इसके साथ ही विपक्ष ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से सदन में बयान दिए जाने की मांग भी उठाई। विपक्षी सदस्यों ने सरकार का यह तर्क भी खारिज किया कि कीमतों में वृद्धि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण हुई है। लोकसभा में शून्य काल के दौराल कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि महंगाई के चलते आम आदमी परेशान है क्योंकि उसकी जेब पर डाका डाला जा रहा है। उन्होंने कहा, 'लगातार बढ़ती कीमतों के चलते हमारी पार्टी की प्रमुख सोनिया गांधी ने तय किया है कि हम देश में 'महंगाई मुक्त भारत अभियान' चलाएंगे।' चौधरी ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए आवश्यक दवाओं की राष्ट्रीय सूची (एनएलईएम) के तहत 800 से अधिक दवाओं का मुद्दा भी उठाया जिनकी कीमतों में अप्रैल से इजाफा किया जाना है। उन्होंने कहा कि महंगाई मुक्त भारत के लिए कांग्रेस पार्टी संसद के बाहर और अंदर, दोनों जगह अपनी आवाज उठाती रहेगी। कांग्रेस नेता ने कहा, 'वह (केंद्र) कह रहे हैं कि रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते कीमतें बढ़ रही हैं। यह सच नहीं है क्योंकि हम रूस से लगभग 0.5 फीसदी तेल ही आयात करते हैं।'

### श्रीलंका के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मिले एस. जयशंकर

**कोलंबो:** भारत के विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर सात देशों के बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए श्रीलंका गए हैं। सोमवार को उन्होंने श्रीलंका के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री से मिल कर उन्हें संकट काल में हर संभव मदद का भरोसा दिया। श्रीलंका इस समय अभूतपूर्व आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। विदेशी मुद्रा की कमी के कारण श्रीलंका को भारी आर्थिक संकट के साथ ऊर्जा संकट का भी कष्ट सहना पड़ रहा है। वहां महंगाई जानलेवा हो गयी है।

## हिजाब मामले में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**नई दिल्ली:** हिजाब मामले में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। उलेमाओं की संस्था समस्त केरल जमीयतुल उलेमा ने भी याचिका दाखिल की है।

इन याचिकाओं में कहा गया है कि कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला इस्लामिक कानून की गलत व्याख्या है।

मुस्लिम लड़कियों के लिए परिवार के बाहर सिर और गले को ढक कर रखना अनिवार्य है। इसके पहले कर्नाटक की 2 छात्राओं ने कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

इस मामले में हिंदू सेना के नेता सुरजीत यादव ने भी कैविएट दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट से हाईकोर्ट के फैसले पर रोक का एकतरफा आदेश न देने की मांग की है। बता दें कि 15 मार्च कर्नाटक हाईकोर्ट ने हिजाब को इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं कहते हुए शिक्षण संस्थानों में हिजाब पर प्रतिबंध के सरकार के निर्णय को बरकरार रखा।

हाईकोर्ट के इसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है।

## श्रमिक संगठनों की हड़ताल का कामकाज पर रहा आंशिक असर



**नई दिल्ली:** सरकार की कथित गलत नीतियों के विरोध में श्रमिक संगठनों की दो दिन की देशव्यापी हड़ताल का आंशिक असर देखा गया। इस हड़ताल के पहले दिन सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कामकाज, परिवहन, खनन और उत्पादन प्रभावित हुआ। देश के प्रमुख श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चा की ओर से प्रस्तावित देशव्यापी इस हड़ताल के पहले दिन पश्चिम बंगाल और केरल में इसका ज्यादा असर देखा गया। हालांकि, हड़ताल से आवश्यक सेवाएं बहुत हद तक अप्रभावित रहीं लेकिन, सार्वजनिक क्षेत्र के कामकाज पर देश के कई हिस्सों में असर पड़ा। परिवहन, खनन और उत्पादन गतिविधियां भी प्रभावित हुई हैं। श्रमिक संगठनों की इस हड़ताल में शामिल अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) ने दावा किया कि देशव्यापी बंद का दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, बिहार, असम, गोवा और ओडिशा के औद्योगिक क्षेत्रों में व्यापक समर्थन मिला है। हालांकि, एटक के अलावा सीटू और इंटक समेत कुल 10 श्रमिक संगठन हाल में सरकार के श्रम सुधारों और बैंकों के निजीकरण करने की कोशिशों का विरोध कर रहे हैं। इस बीच कारोबारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और देश के वरिष्ठ व्यापारी नेता प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि देशभर के घरेलू व्यापार और लघु उद्योगों के कामगारों ने हड़ताल के आह्वान को पूरी तरह नकार दिया है।

## पराली की कीमतों में इजाफा: अब मुनाफा कमाने को किसान तैयार

**नई दिल्ली:** धान और गेहूं की कटाई के बाद पराली को जलाए जाने से पैदा होने वाले प्रदूषण का मुद्दा हर साल दिल्ली, पंजाब और हरियाणा राज्यों के बीच सियासी वार-पलटवार का बड़ा मुद्दा बनता है। केंद्र और राज्य सरकारें इससे होने वाले प्रदूषण का ठीकरा एक-दूसरे के सिर फोड़कर अपना-अपना पल्ला झाड़ने में लगी रहती हैं। यहां तक हर बार केंद्र और राज्य सरकारों को सुप्रीम कोर्ट की फटकार भी सहनी पड़ती है लेकिन इस बार पराली की कीमतों में इजाफा होने से काफी हद तक निजात मिलने की उम्मीद जगी है। पंजाब पशु पालन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. राजीव छाबड़ा कहते हैं कि उत्तर पश्चिम भारत में पराली से जुगाली करने वाले जानवरों के लिए साल भर का चारा तैयार किया जाता है। पिछले कुछ समय से, खास कर उत्तर प्रदेश और राजस्थान में इसकी भारी मांग पैदा हुई है। इसके बाद देखा जा रहा है कि इस बार गेहूं की कटाई के बाद किसान पराली को जलाने के बजाय इसे जमा करने पर जोर देने की तैयारी में हैं। छाबड़ा के मुताबिक, इस बार पराली की कीमतों में भारी इजाफा हुआ है।

## एयरसेल-मैक्सिस डील मामले में सीबीआई और ईडी से जवाब तलब



**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने एयरसेल-मैक्सिस डील मामले पर सीबीआई और ईडी की ओर से दाखिल केस के आरोपित कार्ति चिदंबरम की विदेश जाने की अनुमति देने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी किया है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने सीबीआई और ईडी को 29 मार्च तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। सोमवार को सुनवाई के दौरान इस मामले के आरोपित और कांग्रेस नेता पी चिदंबरम अपना बेल बांड भरने के लिए उपस्थित नहीं हुए। वे दिल्ली हाईकोर्ट में एक दूसरे केस में व्यस्त थे। उनकी तरफ से पेश वकील आयुष अग्रवाल और हर्ष मित्तल ने पी चिदंबरम को आज पेशी से छूट देने की मांग की। उसके बाद कोर्ट ने पी चिदंबरम को 29 मार्च को पेश होने का आदेश दिया। कार्ति चिदंबरम की ओर से वकील अक्षत गुप्ता ने कहा कि कार्ति को 1 अप्रैल से विदेश यात्रा पर जाना है। तब कोर्ट ने ईडी और सीबीआई को 29 मार्च को ही जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने 23 मार्च को पी चिदंबरम और कार्ति चिदंबरम को एक-एक लाख रुपये के मुचलके पर नियमित जमानत दी थी। दोनों इस मामले में अग्रिम जमानत पर चल रहे थे। 20 दिसंबर, 2021 को कोर्ट ने दोनों को इस मामले में नियमित जमानत याचिका दायर करने का निर्देश दिया था। 27 नवंबर को कोर्ट ने सीबीआई और ईडी की ओर से आरोपितों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। कोर्ट ने पी चिदंबरम और उनके पुत्र कार्ति चिदंबरम समेत सभी आरोपितों को समन जारी किया था। ईडी की ओर से दाखिल केस में पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम और उनके पुत्र कार्ति चिदंबरम आरोपित हैं।

इनके अलावा मेसर्स पद्मा भास्कर रमन, मेसर्स एडवांटेजेज स्ट्रेटैजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स चेस मैनेजमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को भी आरोपित बनाया गया है।

## गेनबिटकॉइन घोटाले के आरोपित अजय वॉलेट यूजर नेम और पासवर्ड ईडी को दें: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने गेनबिटकॉइन घोटाले के आरोपित अजय भारद्वाज को निर्देश दिया है कि वो अपने क्रिप्टो करंसी वॉलेट का यूजर नेम और पासवर्ड की जानकारी ईडी को दें ताकि उसे अंतरिम सुरक्षा दी जा सके। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश जारी किया। कोर्ट ने ईडी की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी को निर्देश दिया कि वो अगली सुनवाई पर ताजा स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करें। 25 फरवरी को कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह स्पष्ट करने को कहा था कि भारत मे बिटकॉइन वैध है या नहीं। सुनवाई के दौरान ऐश्वर्या भाटी ने गेनबिटकॉइन घोटाले के आरोपित अजय भारद्वाज कर जांच में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया था। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने केंद्र से पूछा था कि आप ये बताएं कि बिटकॉइन वैध है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने अजय भारद्वाज को अगस्त, 2019 में एक करोड़ रुपये के मुचलके पर जमानत दी थी। अजय भारद्वाज पर आरोप है कि उसने बिटकॉइन में निवेश करने के नाम पर निवेशकों से धोखाधड़ी की थी। अजय भारद्वाज को मार्च, 2018 में गिरफ्तार किया गया था।

## खबर संक्षेप

### सुकृत अस्पताल में निकला महिला को चार किलो का ट्यूमर

**कोरांव।** 27 अगस्त की शाम को मध्य प्रदेश की रहने वाली संतोषी गुप्ता का सुकृत अस्पताल कोरांव में ऑपरेशन हुआ जिसमे ऑपरेशन बच्चेदानी से 4 किलो ग्राम का ट्यूमर निकला जो चर्चा का विषय बना हुआ है। बता दें कि डेम्हा सीधी मध्य प्रदेश निवासी एक महिला का लगभग 2 वर्ष से अत्यधिक रक्तस्त्राव से पीड़ित थी जिससे बार-बार खून कम हो जा रहा था अंततः ऑपरेशन की स्थिति नहीं बन पा रही थी। 6 मार्च को सुकृत अस्पताल कोरांव में इलाज हेतु दिखाया उस समय खून केवल 5 ग्राम था। डॉक्टरों ने जांच परीक्षण उपरांत बताया कि रक्तस्त्राव बंद करने वाली एवं खून की मात्रा बढ़ाने वाली दवाओं से लगभग 20 दिनों में खून 10 ग्राम पहुंच गया था। 27 मार्च की शाम में डॉ.आर के कुशवाहा, डॉ. सोनी कुशवाहा, डॉ.शिवम केसरवानी की टीम ने लाल बहादुर एवं शिवध्यान को सहयोगी के रुप में लेकर ऑपरेशन कर महिला के बच्चेदानी से 4 किलोग्राम का ट्यूमर निकाला।

# मोस्टपा के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को बनाया बंधक, मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मोस्ट पीपुल्स एसोसिएशन के तत्वाधान में भारी संख्या में महिलाओं ने तहसील मुख्यालय पर विभिन्न मांगों को लेकर के धरना प्रदर्शन किया, जिसका नेतृत्व संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन कुशवाहा ने किया। सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर के आंदोलन कर रहे मोस्ट पीपल एसोसिएशन के कार्यकताओं ने बैकवर्ड जन आंदोलन के तहत बेरोजगार, किसान, मजदूर, जातीय जनगणना एवं जनजातीय दर्जा देने व भू वितरण के लिए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन सोमवार को मेजा तहसील मुख्यालय में कर रहे थे। इसी बीच भारी संख्या में आंदोलन कर रहे महिलाओं ने जहां अपनी मांगों को लेकर के बाहर बैठी हुई थी। उसी बीच किसी कार्यकर्ता ने एसडीएम के कार्यालय में ताला जड़ दिया। लगभग 25 मिनट तक ताला बंद रहा।जैसे मामले की जानकारी लोगों को हुई। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस को देख कर नेतृत्व कर रहे कार्यकर्ता महिलाओं ने चाभी लेकर नौ दो ग्यारह हो गई। गौरतलब है कि उक्त संगठन के कार्यकताओं ने आए दिन 2 महीने 4 महीने के अंतराल में तहसील मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर भारी संख्या में महिलाओं को गुमराह करते आ रहे हैं, जिसमें उन्हें विभिन्न मांगों के साथ 5 एकड़ जमीन देने की बात करके उन्हें बुलाया जाता है और उनकी आड़ में अपनी नेतागिरी चमकाने का प्रयास किया जाता है। मामले की जानकारी जब तक अधिकारियों को होती है। सभी आंदोलित भाग खड़े हुए थे। आंदोलन कर रहे लोगों में प्रमुख रूप से रामराज आदिवासी कमलेश गुप्ता अश्वनी पटेल आदि मौजूद रहे।



तहसील मुख्यालय पर धरना देती महिलाएं

## विधवा महिला के साथ मारपीट मुकदमा दर्ज, शांति भंग में चालान

**सोरांव।** सोरांव थाना क्षेत्र के सराय भोगी गांव में बीते सप्ताह एक विधवा महिला के साथ गांव के ही पिता पुत्र ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज मारपीट किए थे। जिसको लेकर महिला ने पिता पुत्र के खिलाफ थाने में तहरीर दिया था।

जानकारी के अनुसार उक्त गांव के रघुबर प्रसाद सरोज व मुंशी लाल सरोज पुत्र रघुवर प्रसाद ने विधवा महिला को पुरानी रंजिश को लेकर लाठी डंडे से मारा पीटा तथा गंदी गंदी गाली दिए। जब महिला ने विरोध किया तो विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी देने लगे। जिससे महिला बहुत डरी सहमी है। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर विपक्षियों पर कार्यवाही करने की मांग की थी। जिसको लेकर पुलिस कई दिनों से विपक्षियों की तलाश में जुटी थी। सोमवार को पुलिस ने विपक्षियों को पकड़कर हवालात में बंद कर दिया और शाम को शांति भंग में चालान कर दिया।

## न्यूज झरोखा

### उज्जवला लाभार्थियों को समझाया गया सुरक्षा का महत्व



**शंकरगढ़।** जय जगदीश भारत गैस एजेंसी के बैनर तले उज्जवला के लाभार्थियों को गैस के सुरक्षित इस्तेमाल और बचाव से संबंधित विभिन्न जानकारी दी गई। नगर पंचायत शंकरगढ़ के कई मोहल्लों में जय जगदीश भारत गैस एजेंसी द्वारा आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रम में क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं को सुरक्षित गैस के इस्तेमाल और बचाव की जानकारी दी गई।गैस एजेंसी के संचालक रोहित केसरवानी और मैनेजर मनोज कुमार द्वारा उज्जवला योजना के लाभार्थियों को गैस के सुरक्षित इस्तेमाल की जानकारी देते हुए बताया गया कि गैस में चूल्हे को पूरी तरह से साफ रखें। लाइटर व माचिस की तीली जलाने के बाद ही स्विच आन करें। गैस का उपयोग ना होने पर रेगुलेटर की स्विच को बंद कर दें। साथ ही गैस खत्म होने पर कभी भी तिरछा या लेटाकर सिलेंडर का उपयोग ना करें। किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर संबंधित गैस एजेंसी से संपर्क करें और रिफिल खरीदते समय सिलेंडर के वाल्व और लीकेज की तत्काल जांच कराएं। इसके अलावा गैस इस्तेमाल करते समय बच्चे को आस-पास ना रहने दें। घर में बिजली के उपकरण और शार्ट सर्किट (चिंगारी) ना हो, इसका भी प्रबंध रखें। इस तरह हम सभी छोटी मोटी सावधानियों को बरतते हुए सुरक्षित गैस का इस्तेमाल करें तो काफी हद तक दुर्घटना से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में प्रोपराइटर रोहित केसरवानी द्वारा उज्जवला उपभोक्ताओं को उपहार भी दिया गया।इस मौके पर विभागीय कर्मचारी संग दुदुन तिवारी,आकाश तिवारी, अख्तर अली,राजा सिंह समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### निःशुल्क नेत्र शिविर का एनएच 19 हाइवें पर किया गया आयोजन





**प्रयागराज।** सड़क सुरक्षा एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं मैत्रेयी साहित्यिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्थान प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को परिवार ढाबा, एनएच 19 हाईवे नवाबगंज प्रयागराज में ट्रक ड्राइवरों के लिऐ एक आई कैंप का आयोजन किया गया। क्योंकि इस कार्यक्रम के अयोजन से पूर्व ही बैनर एवं पैंपप्लेट के माध्यम से प्रचार किया गया था इस कारण बड़ी संख्या में ट्रक ड्राइवर उपस्थित रहे। इस आई कैंप स्थल पर उपस्थिति सभी ट्रक ड्राइवरों का संस्था के पदाधिकारियों द्वारा पंजीकरण किया गया तथा नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर आर के श्रीवास्तव द्वारा उनकी नेत्र जांच की गई जिसमे 100 ट्रक ड्राइवरों को चिकित्सीय सलाह भी दी गई। ऑप्टिशियन कौशिकी श्रीवास्तव एवं जूली सिंह द्वारा उनके नेत्र जांच के उपरांत , लेंस नंबर के आधार पर 75 ट्रक ड्राइवरों को नि??ःशुल्क चश्मा वितरित किया गया ।कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे ।उन्होंने इस तरह के आयोजन में उत्साह से भाग लिया। आई कैंप में डॉक्टर आदित्य सिंह, डॉ राजकुमार श्रीवास्तव, पूनम सिन्हा ,शशिकांत तिवारी , पप्पू यादव, जमीर आदि उपस्थित रहे। संस्था के महासचिव श्री धीरेंद्र नाथ श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित सभी को धन्यवाद दिया गया।

### टीवी रोगियों को वितरित किया गया पौष्टिक आहार किट



**करछना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना के अंतर्गत विभिन्न गांवो में चिन्हित किए गए जांच के दौरान 25 टीवी रोगियों का परीक्षण किया गया जिसके तहत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के अंतर्गत सभी टीवी रोगियों को पौष्टिक आहार किट का वितरण किया गया जिसमें क्षेत्र के दर्जनभर गांव से 25 टीबी रोगी को ब्लॉक सभागार करछना में आयोजित एक कार्यक्रम में दिया गया जिसमें 1 किलो गुड़, 1 किलो चना ,1 किलो मूंगफली, 1 किलो राजमा एवं नोडल फ्रूट्स का किट सभी रोगियों को ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा वितरित किया गया इन रोगियों को सरकार द्वारा प्रत्येक महीने में 6 महीने तक निशुल्क पौष्टिक आहार दिया जाएगा उक्त आशय की जानकारी खंड विकास अधिकारी करछना रामविलास राय, सचिव मनीष यादव,अमित सिंह, महेश कुमार, रामसकल ,आदित्य पौडवाल ,उमा परवीन, प्रीति शुक्ला,संजीव श्रीवास्तव, कमल सिंह, सुरेश कुमार,प्रधान ग्राम पंचायत ककरम, विवेक कुमार मिश्रा रामेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक कर्मी उपस्थित रहे ।

### धू-धू कर जला ट्रांसफार्मर, मचा हड़कंप



**मेजा रोड।** मेजारोड बाजार के कोहडार मार्ग के रामपुर गांव के समीप ट्रांसफार्मर में आग लगने से हड़कंप मच गया।बता दें कि 3 दिन से उक्त स्थान पर ट्रांसफार्मर खराब हो गया था जहां शनिवार की शाम को ढाई सौ केवीए का एक नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। वही अभी 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि उक्त ट्रांसफार्मर में जबरदस्त आग लग गई और वह धूंधू कर जलने लगा। वही आग लगने से बगल में रहे पेट्रोल पंप पर हड़कंप मच गया।गनीमत रही कि आसपास कोई वाहन मौजूद नहीं रहा नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था क्योंकि उक्त मार्ग पर नो एंट्री में जाने वाली ट्रकों को खड़ा किया जाता है।

# केशव के डिप्टी सीएम बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने होली संग मनाई दिवाली

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** केशव प्रसाद मौर्य के एक बार फिर से डिप्टी सीएम बनने पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने पार्टी कार्यालय में एक साथ होली एवं दिवाली मनाई। पार्टी कार्यकताओं ने यहां आतिशबाजी करने के साथ एक दूसरे पर अबीर गुलाल लगाया। इस दौरान मिठाई भी बांटी गई। पार्टी कार्यालय में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि केशव मौर्य प्रयागराज के गौरव एवं विकास पुरुष हैं। उनके कार्यकाल में प्रयागराज का चौतरफा विकास हुआ। अब एक बार फिर से उनके डिप्टी सीएम बन जाने से प्रयागराज में चल रहे विकास कार्य और तेज गति से होंगे। इस अवसर पर कार्यकताओं ने केशव मौर्य के चित्र पर विजय का टीका लगाते हुए एक दूसरे को अबीर-गुलाल भी लगाया।पार्टी कार्यालय में इस दौरान शशि वार्ष्णेय, कुंज बिहारी मिश्र, देवेश सिंह, वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी, रोहित पप्पू पांडेय, विवेक अग्रवाल, असमत कमाल, रीता सोढ़ी, पतविंदर सिंह, अमन केसरवानी आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर शाम को हरिहर गंगा आरती समिति की ओर से रामघाट में केशव मौर्य के डिप्टी सीएम बनने पर मां गंगा की महाआरती की गई। यहां जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीके सिंह, विजय पटेल, राघवेंद्र सिंह, राजन शुक्ला, चंद्रा अहलुवालिया, राजेश पाठक आदि मौजूद रहे।



पार्टी कार्यालय पर कार्यकताओं ने मनाई होली

## रेल अफसर पर हमले में शासकीय अधिवक्ता गिरफ्तार

**प्रयागराज।** धूमनगंज के देवप्रयाग झलवा में रेल अफसर देवराज आर्य पर जानलेवा हमले के मामले में शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र सिंह परिहार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उधर देवेंद्र के घर पथराव व बलवा करने के मामले में चार नामजद व अन्य अज्ञात पर एफ आईआर दर्ज करते हुए लाल सिंह पटेल को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि अन्य नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही है।घटना 27 मार्च की सुबह सात बजे की है। रेलवे में अकाउंट अफसर देवराज आर्या का आरोप है कि वह घर के पास ही बने पार्क में व्यायाम कर रहे थे कि तभी उन पर सब्बल से हमला किया गया। इसमें वह गंभीर रूप से चोटिल हो गए। आरोप है कि हमला देवेंद्र ने किया। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने आरोपी अधिवक्ता को गिरफ्तार कर लिया।उधर सुबह हुई घटना को लेकर शाम को कुछ लोगों ने अधिवक्ता के घर पर चढ़कर हमला बोल दिया ' पथराव किया और मारपीट व गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में अधिवक्ता की तहरीर पर रेल अफसर देवराज आर्य, लाल सिंह पटेल समेत चार नामजद व अन्य अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कर ली। इनमें से लाल सिंह पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# इफको फुलपुर ठेका मजदूरों ने किया आम हड़ताल का समर्थन

अखंड भारत संदेश

### देश भर में पहले दिन सफल रही हड़ताल : डॉ कमल उसरी

**प्रयागराज।** शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से कोविड दिशा निर्देश का पालन करते हुए इफको गेट नम्बर एक से इफ्को फुलपुर ठेका संघ सम्बद्ध ऐक्टू कार्यालय पहुचकर नारेबाजी करते हुए समाप्त किया। दस केंद्रीय श्रमिक संगठन और केंद्रीय व राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर 28- 29 मार्च 2022 के दो दिवसीय आम हड़ताल का इफको फुलपुर ठेका मजदूरों ने समर्थन किया। हड़ताल का समर्थन करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हड़ताल करना मजदूरों का आखिरी रास्ता होता है वर्तमान सरकार मजदूरों के वर्षों के संघर्ष और शहादत के बाद जो श्रमिक हितैषी 44 श्रम कानून बनाया गया था, उसे अब 4 श्रमिक कोड बिल बनाकर समाप्त कर दे रही है, 4 श्रमिक कोड बिल लागू हो जाने से आम मजदूर पुनः गुलामी की स्थिति में पहुँच जाएंगे, मजदूरों को संगठन बनाना और अपने हक हकूक बात करना और भी मुश्किल हो जाएगा, आज देश भर के 25 करोड़ से भी अधिक संगठित- असंगठित क्षेत्र बैंक बीमा, कोल, भेल, पोस्ट ऑफिस सहित केंद्रीय व राज्य कर्मचारी इस दो दिवसीय हड़ताल में अपनी 13 सूत्रीय मांगों को लेकर शामिल है, जिनमें मुख्य रूप से 4 श्रमिक कोड बिल वापस लो, सार्वजनिक क्षेत्र को बेचना बंद करो, निजीकरण पर रोक लगाओ, पुरानी पेंशन योजना बहाल करो, समान काम समान वेतन लागू करो, सभी स्कीम वर्कर्स को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दो, आउट सोर्सिंग और ठेका प्रथा पर रोक लगाओ, राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाईप लाइन योजन वापस लो। हड़ताल के समर्थन में मुख्य रूप से ऐक्टू राष्ट्रीय सचिव डॉ कमल उसरी, इफको फुलपुर ठेका मजदूर संघ अध्यक्ष जय प्रकाश प्रजापति, उपाध्यक्ष त्रिभुवन नाथ यादव, मंत्री त्रिलोकी नाथ पटेल, उपमंत्री मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष फूलचंद प्रजापति, कार्यलय मंत्री राजनाथ सेकेंड, प्रचार मंत्री जगदीश कुमार, अमर सिंह, राजितराम यादव, बंसीलाल, राजनाथ यादव, रामचंद्र गौतम, नान्हू पटेल, विजय शंकर यादव, राजेश पटेल, देवानंद, द्वारिका प्रसाद पटेल, इत्यादि लोग शामिल रहें।

## एक गांव की किशोरी का अपहरण व दूसरे गांव में महिला के साथ दुष्कर्म की कोशिश

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी का गांव का युवक अपहरण कर ले गया जबकि दूसरे गांव में एक महिला खेत में गयी थी जहां उसके साथ दुराचार का असफल प्रयास किया गया । पुलिस दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति का आरोप है कि उसकी नाबालिग लड़की को गांव का एक युवक अपहरण कर के कहीं लेकर भाग गया है । किशोरी के पिता ने मऊआइमा थाने में अयूष दुबे पुत्र भूपेन्द्र दुबे के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। जबकि दूसरे गांव की निवासनीय एक महिला का आरोप है कि वह खेत पर काम कर रही थी तभी गांव का एक युवक आ कर उसका हाथ पकड़ कर जमीन पर पटख दिया और दुराचार का असफल प्रयास किया शोर मचाने पर मार पीट कर भाग गया । महिला ने मऊआइमा थाने में राजू प्रजापति पुत्र छेदीलाल प्रजाति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

### दो अलग अलग गांवों में मार पीट कई घायल मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** दो अलग अलग गांवों में मामूली बात को लेकर मार पीट के दौरान कई चोटहिल हुए है । पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम किरांव निवासी दिनेश कुमार पुत्र तुलसीराम मौर्या का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर उसे मारा पीटा गया । दिनेश कुमार ने मऊआइमा थाने में कमल कुमार ,केशव प्रसाद, कविता के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है । जबकि ग्राम सिंसई सिपाह निवासी अब्बास अली पुत्र मोहम्मद मतीन का आरोप है कि मामूली बात को लेकर उसे मारा पीटा गया । अब्बास अली ने मऊआइमा थाने में सना उल्ला ,मोहम्मद तारिक ,मोहम्मद सलीम, मोहम्मद कैफ ,नसीम उद्दीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# जल जीवन मिशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रमुख ने किया उदघाटन

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** जसरा विकास खण्ड परिसर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत हर घर जल योजनांतर्गत दो दिवसीय महिला प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजीत सिंह प्रमुख द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया।अधिशासी निदेशक राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन उत्तर प्रदेश लखनऊ के निदेर्शानुसार प्रायोजक राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन उत्तर प्रदेश लखनऊ के दिशा निर्देशन में मेरापथ एजुकेशन लिमिटेड,नोएडा उत्तर प्रदेश और सहयोगी संस्था इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एक्शन द्वारा आयोजित विकास खण्ड परिसर में जल जीवन मिशन के बैनर तले सैकड़ों महिलाओं को राज्य स्तर प्रशिक्षक जल जीवन मिशन उत्तर प्रदेश विपिन प्रकाश जायसवाल,मंगला प्रसाद द्वारा उपस्थित महिलाओं को दूषित पेयजल से होने वाले भयानक बीमारियां जैसे पीलिया, कालरा, कैंसर, दस्त बुखार, हड्डी रोग, कुपोषण, चर्म रोग आदि एवं उससे बचने के उपाय जैसे पेय जल श्रोत इण्डिया मार्का टू हैण्ड पम्प, नल, कुआ आदि को ब्लीचिंग पाउडर को प्लास्टिक के बर्तन में घोल बनाकर रात्रि में उसके अन्दर घोल को डाल कर पूरी रात्रि छोड़ देने और सुबह में पेय जल श्रोत से पानी तब तक निकालना चाहिए जब तक लाल या जंग वाला पानी साफ न हो जाए,बैक्टीरिया वाले दूषित पानी को उबाल कर पीना चाहिए,पीने वाले पानी को बाल्टी में रखकर उसमे फिटकरी को सूती कपड़ा में पोटली बनाकर पानी के अन्दर घुमाकर पानी स्थिर होने के बाद पानी का सेवन करना चाहिए आदि विभिन्न प्रकार से पानी को शुद्ध और स्वच्छ होने की दशा में ही पानी का सेवन करना चाहिए। पाइप लाइन शुद्ध पेयजल आपूर्ति,जल दोहन करने से पानी के संकट,पानी में रसायन आयरन,फ्लोराइड,क्लोरिन आदि की जल जांच करने सम्बंधी विस्तृत जानकारी दी गई और अधिकाधिक महिला समूहों से भी जल जांच कीट के माध्यम से पानी की जांच कराई गई।वहीं नमिता सिंह,पुष्पा मिश्रा और बिंदुमती द्वारा उपस्थित समूह की महिलाओं को पोषण पखवाडे में कुपोषण के स्तर में कमी लाने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र में 06 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लम्बाई व वजन की माप,जल के संरक्षण में महिलाओं की भूमिका आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर श्याम लाल तिवारी ए डी ओ पंचायत,विज्ञान प्रभाकर शुक्ला ए डी ओ आई एस बी,राकेश सिंह,कमलेश यादव परियोजना प्रबंधक,प्रतीक यादव,राहुल पाण्डेय,आत्मा देवी, गंगा पाल,शिव चंद्र,गंगा जी,अजय कुमार बिंद,विजय कुमार बिंद , विनोद कुमार बिंद टीम लीडर जल जीवन मिशन,मनोज कुमार, राम मनोज, आशीष कुमार प्रधान, धीरेंद्र द्विवेदी, रमाशंकर ,महिला समूहों से रीना बिंद करिश्मा देवी,सीमा कुशवाहा, पूनम, मालती सहित तमाम महिलाएं प्रतिभाग की।



# समाजवादी पार्टी ने की जनप्रतिनिधियों की बैठक

### जनप्रतिनिधियों के मान सम्मान की लड़ाई लड़ूगा : वासुदेव यादव



**कोरांव।** कोरांव विधानसभा में कौशांबी प्रयागराज एमएलसी चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी विधानसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा अध्यक्ष की अध्यक्षता में रोशनी गार्डन में कार्यकर्ता बैठक की गई जिसमें क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी वरिष्ठ नेता मौजूद रहे जनप्रतिनिधियों का हौसला बढ़ाते हुए वर्तमान एमएलसी समाजवादी पार्टी के एमएलसी प्रत्याशी वासुदेव यादव ने कहा कि अगर प्रयागराज कौशांबी के जनप्रतिनिधियों ने विश्वास जताया तो सड़क से लेकर सदन में उनके हक और अधिकार की लड़ाई लडता रहूंगा वही पूर्व सांसद फूलपुर धर्मराज पटेल कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा नौजवानों किसानों गरीबों की आवाज उठाने के लिए वासूदेव यादव को जिताना जरूरी है प्रयागराज क समाजवादी पार्टी के प्रभारी प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह ने कार्यकताओं का हौसला बुलंद करते हुए कहा कि अगर आज दशरथ सोनकर हम लोगों के बीच में जिला पंचायत बनकर बैठे हैं तो यह देन उत्तर प्रदेश प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय मुलायम सिंह यादव की है जिन्होंने त्रियस्तरी पंचायत चुनाव में आरक्षण व्यवस्था लागू कर पिछड़ा समाज दलित समाज की भागीदारी सुनिश्चित की है आज हम लोगों को जाती-पाती से ऊपर उठकर संविधान की रक्षा के लिए वासूदेव यादव को नौ अप्रैल को प्रथम मत देकर भारी बहुमत से जीत दिलाने की जरूरत है जिला महासचिव सोमदत्त सिंह पटेल जिला सचिव राजेश पांडेय ललन सिंह पटेल लालजी पाल निराला रामदेव निडर प्रधान संघ अध्यक्ष रामानुजन यादव इंद्रदमन भूर्तियां ने एमएलसी जिताने के लिए जनप्रतिनिधियों को संबोधित किया कार्यक्रम में प्रमुख नगर अध्यक्ष मेहताब प्रदेश सचिव लोहिया वाहिनी शहादत अली नौशाद अंसारी मंगल देव कोल दिनेश पटेल राधेश्याम यादव दीपक पटेल पवन सोनकर हारुन अंशारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## जंघई आरपीएफ ने टिकट दलाल को पकड़ा

**जंघई।** जंघई आरपीएफ टीम ने ग्राहक सेवा केन्द्र पर मोबाइल से ई टिकट निकाल कर बेचने पर एक टिकट दलाल को टिकटों के साथ गिरप्तार करके मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया।मीरगंज थाना क्षेत्र के बसेरवा बाजार मे ग्राहक जनसेवा केन्द्र के संचालक साहब लाल को आरपीएफ जंघई की टीम ने यात्रा के बीते हुए चार ई टिकट तथा पांच आगामी यात्रा के टिकट के साथ गिरप्तार कर लिया आरपीएफ का आरोप है कि पकड़ा गया व्यक्ति मोबाइल के माध्यम से टिकट निकालकर बेचने का काम करता था जिसे टिकटों के साथ पकड़ कर गिरप्तार किया गया है। यह कार्यवाही आरपीएफ जंघई इन्स्पेक्टर हुकम सिंह के निर्देश पर हुआ। गिरप्तार करने वाली टीम में एसआई दीपक कुमार, हेड कांस्टेबल नन्हकू यादव, सुनील यादव, अमित विश्वकर्मा शामिल रहे।

# पंचायत परिवार संगठन सक्रीय,कमल कुमार मिश्र मजबूत

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** इलाहाबाद कौशांबी एमएलसी निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव आगामी 9 अप्रैल को होना है। जिसमे तीन प्रबल प्रत्यासी चुनाव मैदान में उतरे हैं। सपा से निवर्तमान एमएलसी वासुदेव यादव,भाजपा से के पी श्रीवास्ताव और अखिल भारतीय प्रधान संगठन पंचायत परिवार से पहली बार कमल कुमार मिश्र उम्मीदवार हैं। सभी उम्मीदवारों में पंचायत परिवार के प्रत्यासी श्री मिश्र को स्टाफ के होने के नाते बीसीसी,ग्राम प्रधान,और सभासद,जिला पंचायत सदस्य की लंबी जमात उनके प्रचार प्रसार में तम मन धन से लगी हुई है। दर असल पंचायत परिवार का प्रत्यासी पहली बार मैदान में उतारा है। और यह भी सत्य है कि जितने लोग जीत कर एमएलसी बने प्रधान संगठन को ठेंगा ही दिखाए। कोई छ साल तक नहीं।पूंछा और न ही पंचायतो के हक अधिकार सुविधाओं महत्व आदि के लिए सदन में आवाज उठाई। जो भी चुना गया वह सिर्फ अपना विकास और अपने लाभ के लिए सारा समय गुजारा। इस कारण पंचायत संगठन खुद अपना वोट अपना नेता के तर्ज पर मैदान में पूरी ताकत से है। कौशांबी इलाहाबाद जिले के बावन सौ वोटरों में ज्यादातर बहुतायत में प्रधान बीडीसी संगठन के सदस्यों पदाधिकारियों की ही संख्या पर्याप्त बताई जा रही। जिससे जीत संगठन सुनिश्चित मांन कर चल रहा। वहीं भाजपा प्रत्यासी सत्ता बल के सहारे अपनी जीत पक्की मांन रहे हैं। और सपा प्रत्यासी भी दुबारा जीत के लिए मैदान में आ उतरे हैं। किंतु इस चुनाव में पंचायत संगठन की सक्रियता एकता अंदरूनी पैठ कुछ गुल जरूर खिलाए गा। धन बल के इस चुनाव में संगठन की एकता और निस्पक्छता अलग ही दिखाई दे रही है। कुछ लोगों का मानना है कि वोट पैसे पर दे कर छ साल तक अनदेखी का शिकार रहता है। और कुछ पैसे के खातिर भाग दौर करते दिखते हैं। चर्चा है कि पंचायत परिवार के प्रत्यासी को किसी तरह दबाव बना कर समर्थन एक पार्टी सत्ता का प्रभाव दिखा कर लेना चाहती है। किंतु पंचायत परिवार अपने सा गठन के लिए हर स्तर पर संघर्ष करने को तैयार है। पंचायत संगठन के एक पधाधिकारी की बात पर यदि गौर करें तो सरकार पंचायतों के 21 सूत्रीय मांगों को जिम्मेदारी से पूरी करे तो विचार भी किया जा सकता है। अन्यथा संगठन डिगने बिकने वाला नहीं है,अपना भविष्य अपनी ताकत अपना वजूद संगठन नष्ट नहीं करने वाला है। अखिल भारतीय प्रधान संगठन, बीडीसी मेंबर्स संगठन,सभासद एसोसियेशन, ने कमल मिश्र को एमएलसी बनाए जाने की एकजुटता दिखाते हुए 9 अप्रैल को भारी मतों से विजई बनाने की अपील की है।



प्रधान संगठन के पदाधिकारियों का दृश्य

## खबर संक्षेप

### एसटीएफ के हत्थे चढ़ा 25 हजार का इनामिया मोहम्मद सकलैन

**प्रयागराज।** आठ माह से फरार चल रहे अपराधी को प्रयागराज की एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) की टीम ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। अपराधी मोहम्मद सकलैन ने बीते साल 22 जुलाई को प्रतापगढ़ में पीआरडी के जवान पवन तिवारी को गोली मारी थी। पुलिस को तभी से सकलैन की तलाश थी। उसके उपर प्रतापगढ के एसपी ने 25 हजार रुपये का ईनाम भी घोषित कर दिया था फिर भी वह पुलिस की पकड़ से बाहर से था। आखिरकार मुखबीर के सहयोग से एसटीएफ को सफलता मिली और उसे पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

**मुंबई भागने की फिराक में था अपराधी**

पुलिस उपाधीक्षक एसटीएफ नवेंदु कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त सकलैन से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि 22 जुलाई 2021 को अपने मित्र तफसीर के साथ बाइक से शिवसत के रास्ते कहीं जा रहा था। उसी समय स्कूल की छुट्?टी हुई थी। सड़क पर काफी भीड़ थी। वहां पीआरडी के जवान पवन कुमार तिवारी से उसकी बहस हो गई। उसी दौरान अवैध पिस्टल से पवन तिवारी को गोली मार दी। हम लोग वहां से फरार हो गए।पुलिस से बचने के वह मुंबई भाग गया था।

# जिला जज, डीएम व एसएसपी ने किया केंद्रीय कारागार नैनी का निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** जनपद न्यायाधीश नलिन कुमार श्रीवास्तव, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री व एसएसपी अजय कुमार ने सोमवार को केन्द्रीय कारागार नैनी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आगन्तुक रजिस्टर की जांच की। उन्होंने इसके उपरान्त कारागार में साफ-सफाई, भोजन मीनू के अनुसार मिल रहा है कि नहीं, कैदियों के लिए बनने वाले भोजन की शुद्धता की जांच की। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी से स्वास्थ्य परीक्षण और पूर्व निरीक्षणों की आख्या व बन्दियों को किस जुर्म के साथ किस धारा में सजा मिली है आदि की जानकारी ली। उन्होंने कारागर के अन्दर लगे कैमरों, जैमर आदि की जांच तथा मौके पर स्वयं देखा की ये क्रियाशील हैं भी या नहीं। साथ ही कारागार के अन्दर बन्दीयों को दिये जाने वाली व्यावसायिक प्रशिक्षण की भी जानकारी प्राप्त की। जिला प्रशासन की टीम ने कारागार के अन्दर कैदियों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया।



केन्द्रीय कारागार का निरीक्षण कर बाहर निकलते जिला जज, डीएम व एसएसपी

### गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**बारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज के आदेश के अनुपालन में चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी बारा के कुशल नेतृत्व में कौशल बहादुर सिंह उप निरीक्षक विजय पांडे की टीम में मुखबिर की सूचना पर उमापुर गांव के पास के तिराहे से दीपक पाल पुत्र स्वर्गीय राम राजपाल 26 वर्ष निवासी ग्राम पंडित का पूरा सिद्ध टिकट थाना बारा जनता प्रयाग राज को 1 किलो 150 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार सुधा अभियुक्त के खिलाफ थाना बारा पर मुकदमा संख्या 46 /2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है अभियुक्त पर मुकदमा संख्या 41/2000 का धारा 379 भा द वि थाना कीडगंज जनपद प्रयागराज २ मुकदमा संख्या 148/2021 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम थाना कीडगंज जनपद प्रयागराज ३ मुकदमा संख्या 89/2015 धारा 401/467/471 भा द वि व आर्म्स एक्ट 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज 4 मुकदमा संख्या 350/2021 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज में अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज है।




## आखिरकार दो वर्षो से बंद महिला एवं बाल सामुदायिक शौचालय का खुला ताला

**खबर का असर :** प्रशासनिक अफरा-तफरी के बीच सोमवार सुबह पानी की टंकी सीधी कर एक्टिव दिखे कर्मचारी

**शंकरगढ़।** विकास खण्ड शंकरगढ के नारीबारी में दो वर्षो से महिला एवं बाल सामुदायिक शौचालय मे ताला लटक रहा था। जिसको लेकर ग्रामीणों ने आवाज बुलंद किया और समाचार पत्रों ने इस समस्या को प्रमुखता से छापा, जिसका असर महज 12 घंटों में ही दिखाई दिया। खबर छपते ही प्रशासनिक विभाग में तहलका मच गया और आनन-फानन मे सोमवार को महिला एवं बाल सामुदायिक शौचालय का ताला खुला देखा गया।स्वयं सहायता समूह के सदस्यो द्धारा सुबह से ताला खोलकर सुविधाएं जारी रखी गई।ग्रामीणों ने प्रमुखता से खबर छापने पर समाचार पत्रों का आभार जताया।

# पूर्व सांसद अतीक अहमद के घर पर फिर गरजा बुलडोजर



पूर्व सांसद के घर अवैध रूप से बने बाउंड्री को गिराता बुलडोजर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पूर्व सांसद अतीक अहमद के चकिया स्थित घर पर बनाए गए अस्थायी चहारदीवारी को पीडीए के बुलडोजर ने सोमवार को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई से मोहल्ले में हड़कंप मचा रहा। मौके पर पीडीए के अधिकारियों समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान मुस्तैद रहे।

पीडीए ने इससे पहले अतीक अहमद के चकिया स्थित मकान को जमींदोज कर दिया था। मकान के मलबे के चारों तरफ अतीक के परिजनों की ओर से अस्थायी चहारदीवारी बना दी गई थी।इसकी जानकारी होने पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने नोटिस जारी कर चहारदीवारी को तत्काल हटाने के लिए कहा था। इस पर अमल न होने पर पीडीए के दस्ते ने बुलडोजर से चहारदीवारी को ध्वस्त कर दिया।

### योगी सरकार 2.0 में अतीक पर पहली कार्रवाई

अतीक अहमद की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। सोमवार को योगी सरकार 2.0 में पूर्व सांसद पर पहली कार्रवाई हुई। पार्ट वन में अतीक अहमद और उससे जुड़े गुर्गों के दो दर्जन से अधिक मकान और निर्माण ध्वस्त किए जा चुके हैं। विधानसभा चुनाव की मतगणना के बाद योगी सरकार की वापसी के साथ ही पीडीए ने अतीक के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के लिए नोटिस जारी कर दी थी। पीडीए के अधिकारियों ने बताया कि अतीक के चकिया स्थित आवास पर पहले भी कार्रवाई हुई थी। इस बीच अवैध रूप से फिर से बाउंड्री बना दी गई थी। जिसको लेकर पीडीए ने नोटिस भी जारी किया था, लेकिन बाउंड्री नहीं हटाई गई। जिस पर पीडीए ने बुलडोजर चला दिया।

### सीएमपी डिग्री कॉलेज में युवा व उनके भविष्य विषय पर व्याख्यान संपन्न

**प्रयागराज।** सोमवार को सी. एम. पी डिग्री कॉलेज में चौधरी महादेव प्रसाद के 150 वर्ष के उपलक्ष्य पर समाजशास्त्र विभाग और क्रीड़ा परिषद के संयुक्त तत्वाधान में युवा और उनका भविष्य विषय पर एक व्याख्यान हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आदरणीय रमेश चंद्र सिंह (वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार संयुक्त राष्ट्र व पूर्व आईपीएस ) उपस्थित रहें। रमेश सिंह जी आठ देशों में वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार रह चुके है साथ ही साथ 93 अर्ध मैराथन में भाग भी ले चुके है।इस कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ बृजेश कुमार ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ व भूपेश त्रिपाठी और अनंत सिंह ने स्मृति चिह्न देकर की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में जीवन में खेल के महत्व पर चर्चा की तथा बच्चों को जीवन में खेल के महत्व को समझाया । उन्होंने जीवन में मेडिटेशन के विषय पर भी चर्चा की तथा इसके फायदे बताएं और जीवन में शिक्षा के महत्व को समझाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर बृजेश कुमार ( प्राचार्य सीएमपी डिग्री कॉलेज) ने की। डॉ बृजेश कुमार ने अपने सुंदर वचनों से बच्चों को भविष्य में अच्छे कामों के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद में भी अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया तथा इस तरह के कार्यक्रम कराने के लिए डॉ अनंत सिंह की भूरी भूरी सराहना की। इस कार्यक्रम का मंच संचालन डॉक्टर राम चिरंजीव पाल ने किया।

# कुल्हाड़ी से काटकर बुजुर्ग की हत्या भाई व भतीजे को किया अधमरा

**अखंड भारत संदेश**

**पेड़ के विवाद को लेकर हुआ वारदात**

**हंडिया।** प्रयागराज के हंडिया थाना क्षेत्र स्थित डांडी गांव में सोमवार की सुबह पड़ोसियों ने मजदूरी कर परिवार का पेट पालने वाले संकठा प्रसाद बिंद को कुल्हाड़ी से काट दिया। संकठा की मौके पर मौत हो गई। हैवान बने पड़ोसियों ने संकठा के चचेरे भाई और भतीजे पर भी कुल्हाड़ी और लाठियों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उनका अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।डांडी गांव के रहने वाले संकठा प्रसाद बिंद (50) और नेबूलाल बिंद पड़ोसी हैं। दोनों के खेत भी अगल बगल हैं। दोनों परिवारों के बीच रास्ते को लेकर अर्से से विवाद चल रहा है।सोमवार की सुबह नेबूलाल के परिवार के लोग अपने खेतों की मेढ़ पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ों को काट रहे थे। पेड़ की डालें कट कटकर पड़ोसी संकठा प्रसाद के गेहूं के खेत में गिर रहे थे। संकठा के घर के छप्पर पर भी डालियां गिर गई थीं। उस वक्त संकठा पड़ोस के गांव में मजदूरी के लिए गए थे। उनकी तरफ से चचेरे भाई जीत लाल और भतीजे सुनील ने विरोध किया। मामला बढ़ा तो हाथापाई होने लगी।नेबूलाल के पक्ष के लोग भारी पड़ गए। उनके हाथों में पेड़ काटने वाली कुल्हाड़ी भी थी। झगड़े की बात सुनकर संकठा भी पड़ोस के गांव से घर पहुंच गए। उनके आने के बाद झगड़ा और बढ़ा तो नेबूलाल के पक्ष के लोगों ने संकठा के घर में घुसकर हमला कर दिया। संकठा पर कुल्हाड़ी से इतने वार किए गए कि उसकी मौत हो गई। जीत लाल और सुनील को भी कुल्हाड़ी और लाठियों से गंभीर रूप से घायल कर दिया गया।सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। गांव में तनाव को देखते हुए फोर्स तैनात कर दी गई। मौके पर एसपी गंगापार, सीओ हंडिया, इंस्पेक्टर समेत तमाम अधिकारी पहुंच गए थे। पुलिस ने नेबूलाल के पक्ष के पांच लोगों को हिरासत में लिया है। संकठा की पत्नी उर्मिला ने दो महिलाओं समेत नौ लोगों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।



हत्या के बाद रोते बिलखते परिजन

# अप्रैल में दो नहीं, तीन बार मिलेगा मुफ्त राशन

**प्रयागराज।** राशन कार्ड धारकों के लिए यह अच्छी खबर है। सरकारी राशन की दुकानों पर सभी राशन कार्ड धारकों को इस बार अप्रैल माह में दो नहीं बल्कि तीन बार मुफ्त में राशन मिलेगा। इसे लेकर लोगों में उत्?सुकता है कि ऐसा क?या है कि इस बार अप्रैल में तीन बार निश?शुल?क राशन कार्ड धारकों को दिया जाएगा। तो आइए हम बता रहे हैं कि सरकार की ओर से इस बार तीन बार राशन आपको क?यों मिलेगा।मार्च महीने में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत वितरित होने वाले राशन का उठान नहीं हो सका है। ऐसे में अब मार्च और अप्रैल का राशन इस योजना के तहत एक साथ वितरित किया जाएगा। वहीं प्रत?येक महीने में प्रदेश सरकार की ओर से नियमित रूप से वितरित होने वाले राशन को भी अप्रैल में वितरित किया जाएगा। ऐसे में कार्ड धारकों को अप्रैल में तीन बार मुफ्त राशन मिलने की सुविधा मिलेगी। उल?लेखनीय है कि कोराना वायरस संक्रमण काल में राशन कार्ड धारकों की सहूलियत के लिए केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना शुरू की गई थी। योजना के तहत सभी राशन कार्ड धारकों को प्रति यूनिट पांच किलो राशन वितरित किया जाता है। वहीं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत इतना ही राशन वितरित किया जाता है। इसके साथ सभी कार्ड धारक को नमक, तेल और चने की दाल मुफ्त वितरित की जाती है। यूपी विधानसभा का चुनाव होने के कारण मार्च में प्रधानमंत्री अन्न योजना के तहत राशन का वितरण नहीं किया गया है।

**राशन वितरण में मनमानी करने वाले कोटेदारों पर होगी कार्रवाई : जिला आपूर्ति अधिकारी**

जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि विधानसभा चुनाव और नमक की उपलब्धता न हो पाने के कारण प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का राशन मार्च में नहीं वितरित किया गया। इस योजना के तहत अप्रैल में इसका वितरण होगा। ऐसे में राशन कार्ड धारकों को अप्रैल में तीन बार मुफ्त का राशन दिया जाएगा। जो कोटेदार राशन वितरण में मनमानी करेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# न्यायोचित ढंग से आरक्षण लेगा मछुवारा समाज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** दारागंज में पार्षद रंजीव निषाद के आवास पर राष्ट्रीय अपना दल के अध्यक्ष अमरदीप निषाद की अध्यक्षता में 17 जातियों का आरक्षण के मुद्दे पर एक गोष्ठी की गई जिसमें अमित कुमार बिंद गाजीपुर से अमर निषाद अधिवक्ता समाज से मोहित निषाद समाजसेवी ने इस विषय पर प्रकाश डाला जिसमें मुख्य रूप से पूरे मामले को न्यायिक तरीके से हल करने के लिए अंतरिक्ष वर्मा अधिवक्ता इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीआईएल दाखिल करने की पूरी तैयारी कर ली है इनका कथन है कि सभी दलों ने निषाद की पर्यायवाची सभी जातियों के साथ ठगी की है जबकि सभी जातियों ने उत्तर प्रदेश में वर्तमान सरकार को ही पूरी तरह से अपना मत देकर सपोर्ट किया था निषाद जाति के नेताओं ने भी 2017 में प्रदेश सरकार से इन जातियों को आरक्षण के लिए कहा था किंतु 5 वर्षों तक सिर्फ नेताओं को आश्वासन ही मिला जो जनता को ठगा सा महसूस किया गया इसके बाद सभी जातियों ने तय किया कि हमारे नेता और सरकार दोनों ही इस मामले में रुचि नहीं ले रहे हैं अतः न्यायालय की शरण में जाकर हमें न्याय प्रक्रिया के तहत हमारी 17 जातियों को आरक्षण देकर इनकी आने वाले भविष्य के विकास की योजना पर काम करना चाहिए ताकि भविष्य में यह जातियां भी समाज में एकरूपता से आगे बढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें जबकि अधिवक्ता अंतरिक्ष वर्मा ने बताया कि पीआईएल में भारतीय संविधान की अनुसूचित जाति के आदेश 1950 के भाग 18 उत्तर प्रदेश के क्रम संख्या 53 में मझवार जाति आदेशित है मर जाती माझी मल्लाह केवट हैं आर जी आई ने इसे परिभाषित किया है बैठक का मूल उद्देश गंगा के तट पर काम कर रहे सभी मछुआ समुदाय के लिए उनकी भूमिका को मजबूत कर-के लड़ने की शक्ति देने के लिए यह आयोजन किया गया और भविष्य में न्याय की प्रक्रिया से चलकर इस दबी कुचली जाति को आरक्षण दिला कर सामान्य तरीके से आगे बढ़ने के लिए प्रयास किया जाएगा जिसमें सभी वक्ताओं ने पीआईएल करने पर अपनी सहमति जताते हो शुभकामना भी दी आज की बैठक में मुख्य रूप से अमित कुमार बिंद गाजीपुर समाजसेवी राजाराम निषाद मोहित निषाद श्रवण कुमार निषाद रंजीव कुमार निषाद पार्षद दारागंज समाज के और भी सदस्य उपस्थित रहे।



बैठक करते मछुवारा समाज के पदाधिकारी




## करछना में आयोजित होली मिलन समारोह में फागुनी गीतों के साथ उड़े लाल गुलाल

**करछना।** विकासख कार्यालय के सामने पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय राज सिंह के सौजन्य में आयोजित होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य वह बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथियों ने होली मिलन समारोह में शिरकत कर फागुनी गीतों का लुफ्त उठाया लोकगीत एवं बिरहा गायक रामबाबू यादव तथा उनके साथियों द्वारा फागुनी गीतों से होली मिलन समारोह में चार चांद लगाया जिसमें चैता ,फागुनी, बेलवरिया भोजपुरी, आदि गीतों से उपस्थित सभी का मनोरंजन किया इस दौरान आए हुए सभी अतिथियों का पूर्व प्रमुख विजय राज सिंह उर्फ राजू सिंह ने सभी को अबीर-गुलाल लगाकर होलीके इस आयोजन में गले मिले तथा आए हुए लोगों को जलपान भोजन की व्यवस्था की गई थी लोगों ने फागुनी गीतों रंग गुलाल के बाद बड़े उत्साह पूर्वक होली व्यंजन का लुफ्त उठाया इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों ने क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रधान गण सहित बड़ी संख्या में लोग होली मिलन में शामिल हुए, कार्यक्रम के समापन पर विजय राज सिंह उर्फ राजू सिंह ने आभार व्यक्त किया

# विश्वविख्यात गणितज्ञ डॉ. गोरख प्रसाद जी की 126 वीं जयन्ती समारोह सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जायसवाल बुद्धिजीवी परिषद्, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के तत्वावधान में डॉ. गोरख प्रसाद (जायसवाल )जी की 126 वी जयंती समारोह एवं व्याख्यानमाला का आयोजन विज्ञान परिषद ,विज्ञान संकाय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सभागार में दिनांक 28 मार्च 2022 को सायंकाल 4:00 बजे संपन्न सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। व्याख्यानमाला में मुख्य अतिथि के रुप में प्रोफेसर पारसनाथ पांडे पूर्व कुलपति,ने डॉ. गोरख प्रसाद जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विशद प्रकाश डालते हुए एक अविस्मरणीय एवं अनुकरणीय अमर पुरुष बताया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर एस. पी . मिश्र, विभागाध्यक्ष गणित विभाग इलाहाबाद विद्यालय एवं प्रधानमंत्री विज्ञान परिषद्, प्रयागराज एवं सुश्री आस्था जायसवाल पुलिस क्षेत्राधिकारी पंचम प्रयागराज ने अपनी उपस्थिति और वक्तव्य के माध्यम से डॉ. गोरख प्रसाद जी के चिरस्मरणीय प्रसंगो एवं विचारों को वैज्ञानिक साहित्य एवं हिन्दी के उत्कर्ष के लिये उपयोगी बताया। इस सभा में सजातीय समाज के अतिरिक्त अन्य समाज के लोग भी उपस्थित थे सभी ने डॉ. गोरख प्रसाद जी जैसे महान गणितज्ञ, खगोल विद् एवं हिंदी विश्वकोष के संपादक, ज्योतिष विशेषज्ञ एवं भारतीय संविधान सभा के सलाहकार के रूप में उनके कार्यों की प्रशंसा की ।हम गर्व से कह सकते हैं कि डॉक्टर गोरखप्रसाद जी न केवल हमारे हमारे जायसवाल समाज के अपितु पूरे विश्वसमाज के बहुमूल्य रत्नों में से एक थे और हम सब उनको आज उनकी जयन्ती के अवसर पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं ,प्रणाम करते हैं , उनको नमन करते हैं। इस जयंती समारोह में परिषद के अध्यक्ष कमलेंद्र जायसवाल जी, महासचिव आर आर गुप्ता सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे ।कोषाध्यक्ष श्री दीनानाथ जी ,महिला विंग की प्रोफेसर ज्योति जायसवाल जायसवाल, निर्मला जायसवाल,जूही जायसवाल एवं प्रोफेसर डॉ शशि जायसवाल ने डॉ. साहब के सम्बन्ध में अपने अपने विचारों को बहुत ही सहजता और सरलता से रखने का प्रयास किया।

इसके अलावा धन्यवाद ज्ञापन किरन जायसवाल पार्षद ,नेता सदन ,नगर निगम ने किया । कार्यक्रम का संचालन श्री अखिलेश जायसवाल, पूर्व प्रधानाचार्य एवं शिक्षा सचिव, जा. बु. प. उत्तर प्रदेश ने किया।




जयंती समारोह में बैठे मुख्य मुख्य अतिथि

### क्या पता कितना कमीशन किसके किसके बिल में है...

**प्रयागराज।** बाई का बाग स्थित दुर्गा पूजा पार्क में आयोजित होली मिलन समारोह कवि सम्मेलन में देर रात तक ठहाकों से महफिल गूंजती रही। मंच पर पहुंचे कवियों ने सामाजिक विकृतियों पर तंज कसते हुए खूब वाहवाही लूटी। कवयित्री डॉ आभा मधुर द्वारा प्रस्तुत वाणी वंदना के उपरांत हास्य कवि लालजी सिंह देहाती ने पढ़ा-ओट दिहेव तो का करी,का ढोल बजाई का।ओज कवि अमित आभास ने रचनाओं द्वारा शहीदों को सलाम किया तो वहीं अमित जौनपुरी की कविताओं पर भी जमकर ठहाके लगे। धनंजय शाश्वत ने छंदोंऔर मुक्तकों से लोगों को जी भर गुदगुदाया। संतोष शुक्ला समर्थ ने भी हास्य क्षणिकाओं पर खूब वाहवाही लूटी।मंच का संचालन कर रहे चर्चित हास्य कवि अशोक बेशरम में पढा-सिरफिरोंसी की तमन्ना सिरफिरों के दिल में है, क्या पता कितना कमीशन किसके किसके बिल में है। डॉ आभा मधुर द्वारा प्रस्तुत बासन्ती गीतों पर भी खूब तालियां बजी। आयोजन समिति द्वारा मंच पर सभी कवियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पवन शुक्ल, सुनील सिंह, मोहित भार्गव, विनोद अग्रवाल, अरविंद भार्गव, उदय शंकर तिवारी, मनोज जी, लालमणि तिवारी, आनंद सागर दुबे, डीपी मिश्रा, शैलेंद्र द्विवेदी, आभा द्विवेदी, शकीलुर्रहमान, रमेश मिश्रा, प्रणविजय सिंह, जय अग्रवाल, एस सी द्विवेदी सहित नगर के प्रबुद्धजन श्रोता रहे।



## कार्यालय ग्राम पंचायत डीहा विकास खण्ड सोरांव प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी योजना अन्तर्गत/निम्नलिखित परियोजनाओं पर निर्माण कार्यों में प्रयोगार्थ सामग्री जैसे:- ईट, सीमेन्ट, मोटी बालू, मझली बालू, ईट गिट्टी इत्यादि की आपूर्ति हेतु 20000 से 100000 तक की सामग्री का कोटेशन तथा रूपया 100001(एक लाख एक रूपया) से ऊपर की सामग्री हेतु अधिकृत आपूर्तिकर्ताओं से जिनके पास पैन सं0 हो मोहर बंद टेण्डर दिनांक 21.11.2021 को पूर्वान्ह 10 बजे से अपराह्न 2 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत डीहा के टेण्डर बाक्स में आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिनांक अपराह्न 3 बजे कोटेशनदाता/निविदादाता की उपस्थिति/अनुपस्थिति में गठित निविदा कमेटी के समक्ष खोलकर स्वीकृत प्रदान की जायेगी निविदा प्रपत्र दिनांक 17.11.2021 से 21.11.2021 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा प्रपत्र शुल्क नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकेंगे एवं धनराशि/NSC/FD के रूप में ग्राम पंचायत डीहा के पक्ष में स्वीकार की जायेगी।

| क्र0 | ग्राम पंचायत का नाम | योजना का नाम | कार्यस्थल का विवरण | सामग्री का नाम | लागत (लाख में) | टेण्डर/कोटेशन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डीहा | मनरेगा | विजय चमार के घर से नाला तक पक्की नाली निर्माण लम्बाई 170 मीटर | पावर ब्रिक्स, ईंट,सीमेन्ट, मोटी बालू, मझली बालू इत्यादि | 2.99 लाख | टेण्डर |

ललिता देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 सोरांव, प्रयागराज।

मो. साबिर
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 सोरांव, प्रयागराज

# एलआईसी, बैंक के कर्मचारी रहे हड़ताल पर

## 12 सूत्रीय मांग पर दो दिन की हड़ताल पर गये कर्मचारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** केंद्रीय श्रम संगठनों के संयुक्त मंच के आह्वान पर जिले में 28 व 29 मार्च को देशव्यापी हड़ताल के प्रथम दिन विभिन्न विभागों पर व्यापक रूप से सफल हड़ताल संपन्न हुई। जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल के नेतृत्व में एक जत्थे ने बैंकों, बीमा, पोस्ट ऑफिस, बिजली, निर्माण श्रमिक के प्रदर्शन व सभाएं हुई, जिसे मुख्य रूप से मजदूर नेता जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल के अध्यक्ष हेमंत नंदन ओझा ने संबोधित किया।

शहर के चिलबिला में वर्कशॉप के पास अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर जनपद भर के विद्युत मजदूर एकत्रित हुए और धरना एवं प्रदर्शन का आयोजन किया गया। दोपहर करीब एक बजे चिलबिला से कलेक्ट्रेट प्रतापगढ़ तक बाइक से करीब तीन किलोमीटर की यात्रा तय कर सैकड़ों कर्मचारियों ने लाल झंडे के साथ प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट में एनआईसी के सामने निर्माण श्रमिकों द्वारा एक धरना दिया गया जो बाद में एक बड़ी सभा में परिवर्तित हुआ जिसमें बिजली बैंक आदि के नेता भी सम्मिलित हुए। सभा की अध्यक्षता रामबरन सिंह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए हेमंत नंदन ओझा ने कहा कि चार लेबर कोड जो श्रम कानूनों को समाप्त करते हुए बनाया गया है, यह श्रम विरोधी है और केंद्र सरकार से तत्काल वापस ले। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के प्रतिनिधि वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने प्रदर्शन स्थल पर आकर 12 सूत्रीय मांग पत्र जो प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित रहा को आकर प्राप्त किया। सभा को प्रमुख रूप से जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल के मंत्री एनपी मिश्रा उत्तर प्रदेश बैंक एंप्लाइज यूनियन के अध्यक्ष सच्चिदानंद पांडे उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ के जिला मंत्री रामसूरत किसान सभा के महामंत्री निर्भय प्रताप सिंह निर्माण श्रमिक यूनियन यूनियन के मंत्री राघवेंद्र कुमार मिश्रा राजमणि पांडे मजदूर नेता विजय कुमार सिंह, जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल के संरक्षक वी पी त्रिपाठी आदि ने संबोधित किया। जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल के अध्यक्ष हेमंत नंदन ओझा एवं मंत्री एनपी मिश्रा ने जनपद के सभी श्रमिकों कर्मचारियों मजदूर नेताओं संगठनों को आम हड़ताल को व्यापक सफल बनाने के लिए क्रांतिकारी अभिवादन किया और आह्वान किया है कि कल 29 मार्च 2022 को और व्यापक रूप से आम हड़ताल के कार्यक्रम को सफल बनाया जाए कल भी सभी विभागों और कार्यालयों पर सभाएं होंगी हड़ताल रहेगी और कर्मचारी अपने कार्य बहिष्कार को जारी रखेंगे।



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते पदाधिकारीगण।

## एलआईसी कर्मचारियों ने हड़ताल के चलते शाखा में की तालाबंदी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज इंश्योरेंस मण्डल कर्मचारी के बैनर तले एलआईसी के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर 28 और 29 मार्च को दो दिवसीय हड़ताल का आव्हान किया, जिसमें माँग है कि एलआईसी-आईपीओ के निर्णय के विरोध में व आत्मनिर्भरता के प्रतीक सार्वजनिक संस्थानों के निजीकरण के विरोध में तो वही फेमिली पेंशन में सुधारों को लागू करने की एलआईसी प्रबंधन की संतुति को लागू करने में सरकार की हीलाहवाली के खिलाफ, एनपीएस वापस लिए जाने हेतु व पुरानी पेंशन लागू करने के लिए सहित अन्य मांगें रहीं। कुंडा शाखा में पूर्णता तालाबंदी रही। इस मौके पर आनंद सिंह, दिनेश तिवारी, चांद मियां, रमेश कुमार लाल, चंद केसरवानी, प्रदीप कुमार ओझा, आलोक कुमार, राजीव पांडे, कन्हैया लाल, शिव कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



एनएसएस के शिविर में भाग लेती छात्रांए व अन्य।

## पीबी पीजी कॉलेज में एनएसएस के चारों इकाइयों का विशेष शिविर का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के चारों इकाइयों का विशेष शिविर समापन समारोह संपन्न हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने किया समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बृज भानु सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान रक्तदान और पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के कार्य के इन 7 दिनों में बहुत ही पूर्ण मनोयोग के साथ किया गया जोकि प्रशंसनीय है राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना 24 सितंबर सन 1969 को राष्ट्र के पुनर्निर्माण हेतु की गई थी जो वर्तमान समय में बहुत ही प्रासंगिक है शिविर को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ कुलदीप सिंह ने कहा कि विशेष शिविर में हम सब ने राष्ट्रीय सेवा योजना के केंद्रीय विषय साक्षरता संबंधी कार्य पर्यावरण सुरक्षा स्वास्थ्य एवं सफाई आपातकालीन तथा प्राकृतिक आपदा के समय पीड़ित लोगों की सहायता एवं पुनर्वास के महत्व को रेखांकित किया समापन शिविर को संबोधित करते हुए डॉ प्रणव ओझा ने कहा कि शिविर के सातवें दिन ग्राम सभा भुवालपुर के सेवा बस्ती में प्रेम सेवकों द्वारा जन जागरूकता रैली निकाली गई और पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता संबंधी कार्य कराए गए कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉक्टर नीरज त्रिपाठी ने कहा कि समापन समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के महत्व को रेखांकित करते हुए नुक्कड़ नाटक का सजीव प्रस्तुति की गई इस अवसर पर डॉक्टर रामराज ब्रह्मानंद प्रताप सिंह डॉक्टर जितेंद्र सैनी डॉक्टर सी पी पांडे अजय कुमार सिंह बालेंद्र भूषण सिंह धीरेंद्र सिंह दिनेश शर्मा नन्हे लाल मौर्या संकल्प सिंह मोहम्मद उस्मान अशोक कुमार मौर्या आदि लोग उपस्थित रहे।

## मकान गिराने के विवाद में हुए पथराव में युवक घायल

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली इलाके के भैरोपुर वार्ड में जर्जर मकान गिराने को लेकर बवाल हो गया। नगर पालिका ने जर्जर मकान को गिराने का आदेश दिया था। मकान न गिराने पर विधिक कार्यवाही करने की चेतावनी दी थी। जर्जर मकान को गिराने के दौरान पड़ोसियो ने मकान हड़पने की दृष्टि से पथराव कर दिया जिसमें एक युवक घायल हो गया है। इस दौरान पुलिस को तहरीर दी गई है।

## कोविड प्रोटोकॉल के तहत सम्पन्न हुई परीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज लालगंज प्रतापगढ़ में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एम ए, एम एस सी परीक्षा प्राचार्य प्रो0 शैलेन्द्र कुमार मिश्र के निर्देशन में कोविड प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए सम्पन्न कराई गई। आज दोनों पालियों की परीक्षा में सभी छात्रों को सेनेटाइज करके ही कमरों में घुसने दिया गया। समय समय पर उड़ाका दल के सदस्यों ने तलाशी भी की। बताते चलें कि केंद्राध्यक्ष एवं उड़ाका दल प्रभारी की सक्रियता के चलते सभी छात्र सुचिता पूर्ण परीक्षा देते नजर आए। उड़ाका दल के सदस्यों में डॉ आलोक, डॉ ऋचा पांडे, डॉ संतोष, डॉ दिनेश त्रिपाठी, डॉ श्याम नारायण, डॉ गंगा धर, डॉ निशान्त आदि लोगों ने सम्पूर्ण परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराई। आज प्रथम पाली में 463 छात्रों ने परीक्षा दी, 61 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली में 412 छात्रों ने परीक्षा दी। 48 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। उक्त सूचना जनसूचनाधिकारी डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज ने दी।



छात्राओं का परिचय पत्र चेक करतीं उड़ाका दल की सदस्या।


# आदर्श नगर पंचायत का वाटर एटीएम बना शोपीस, निराशा

## संतुलित व ठंडा की जगह दे रहा है नार्मल पानी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गर्मी के दिनों में नगर पंचायतों में वाटर एटीएम लगाये गये हैं, जो इन दिनों अधिकांश टाउन एरिया में शोपीस बनकर रह गये हैं। इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा हैं। स्थानीय आदर्श नगर पंचायत में लगे वाटर एटीम से लोगों को निराशा ही मिल रही है। शुद्ध व शीतल जल की गारंटी देने वाली मशीन से प्यासों को नार्मल जल से ही गला तर करके संतोष करना पड़ रहा है। यही नहीं स्वच्छता को भी जिम्मेदार लोग नजर अंदाज कर बैठे है।

स्थानीय नगर पंचायत को भले ही आदर्श नगर का दर्जा मिल गया हो लेकिन कार्य कुछ आदर्श नहीं दिखाई दे रहा है। क्षेत्र के साथ दूर-दराज के लोगों की प्यास बुझाने के लिए नगर में जगह-जगह लगभग आधा दर्जन वाटर एटीएम स्थापित किए गए है, जिसका मुख्य उद्देश्य है कि लोगों को शुद्ध व ठंड़ा जल मुहैया हो सके, लेकिन नगर पंचायत की लापरवाही के चलते कुछ न कुछ कमियां बनी ही रहती है। इस समय मशीनों से पानी तो निकल रहा है लेकिन आरओ व कूलिंग मशीन की खराबी के कारण नार्मल पानी से ही लोग हलक तर करने को मजबूर है। यही नहीं अधिकारियों की लापरवाही के कारण कही-कहीं तो फुटपाथ की दुकानों द्वारा वाटर एटीएम को घेर लिया गया है जिस कारण से लोगों को पानी पीने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। विभागीय लापरवाही का आलम इस कदर है कि वाटर एटीम को देखने से लग जाता है कि आदर्श नगर पंचायत को सफाई भी नही पसंद है। इस संबंध में ईओ सुभाषचन्द्र सिहं से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन व्यस्तता के कारण बात नहीं हो सकी।




लालगंज नगर पंचायत में खराब पड़ा वाटर एटीएम।

## यात्रियों की सुरक्षा जीआरपी की प्राथमिकताः सीओ

**प्रतापगढ़।** राजकीय रेलवे पुलिस लखनऊ के सीओ प्रथम संजीव कुमार सिन्हा ने सोमवार को जीआरपी थाने का निरीक्षण किया। बीस मिनट के निरीक्षण में उन्हें सब कुछ ओके मिला। यहां के बाद वे सुल्तानपुर के लिए निकल गये। सीओ आने वाले हैं। यह जानकारी थाने वालों को पहले से थी। इसलिए तैयारी ऐसे की थी कि सब ओके मिलना ही था। दोपहर में थाने पहुंचे सीओ ने सलामी ली। उसके बाद शस्त्रागार का निरीक्षण किया। अभिलेखों की पड़ताल की। स्टाफ मीटिंग में उन्होंने ट्रेनों में अपराध करने वाले अपराधियों पर निगाह रखने। सख्ती से निपटने का निर्देश दिया। कहा की यात्रियों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है।

# रेप के आरोपी की पड़ताल में पुलिस ने स्टेशन की खाक छानी

## दिल्ली में पकड़ी गई युवती ने लगाया है रेप और बेंचने का आरोप, पद्मावत एक्सप्रेस से भगाकर ले गया था आरोपी का साथी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** युवती का रेप करने के बाद उसको दिल्ली ले जाकर बेंचने का प्रयास किया गया। युवती के इस संगीन आरोप की हकीकत खंगालने में जुटी पट्टी पुलिस सोमवार को पद्मावत एक्सप्रेस के लिए स्टेशन की खाक छानती रही। उसने स्टेशन अधीक्षक से मुलाकात कर ट्रेन से संबंधित साक्ष्य जुटाए। उन्हें लेकर वह पट्टी लौट गई।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पट्टी महदहा इलाके की एक युवती का आरोप है कि कंजा गांव के एक युवक ने 18 मार्च को उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में उसे जबरन बेचने के लिए पद्मावत एक्सप्रेस से अपने एक साथी के साथ दिल्ली भेज दिया। वहां पर पुलिस ने उसे पकड़ा। परिजनों को फोन कर के बुलाया। युवती को उनके सुपुर्द किया। घर आने के बाद युवती की तहरीर पर पट्टी में युवक के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार मामले की पड़ताल सीओ पट्टी कर रहे हैं। जिसमें यह जानकारी करनी थी की 19 मार्च को पद्मावत एक्सप्रेस गई है की नहीं। इसकी पड़ताल करने के लिए पट्टी सीओ कार्यालय से भेजे गए सिपाही विजय यादव स्टेशन की खाक छानने के बाद सही जगह स्टेशन अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। एसएस शमीम अहमद से मिले। उनको सीओ का पत्र दिखाया। जांच में मदद मांगी। एसएस ने फौरन जांच कराई। सारे अभिलेख दिखवाया। पता चला है कि 19 मार्च को पद्मावत एक्सप्रेस दिल्ली गई है। पुष्टि हो जाने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

## अवैध देसी बम के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना मांधाता से उ0नि0 शहंशाह खान मय टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के बुकनापुर मोड़ के पास से एक व्यक्ति आदिल उर्फ मेराज पुत्र मुस्तकीम निवासी शोभीपुर थाना मांधाता, जनपद प्रतापगढ को 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 06 अदद अवैध देसी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना मान्धाता पर मु0अ0सं0 80/2022 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधि0 व मु0अ0सं0 81/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारत गैस सिलेंडर लदी ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक शिवकुमार उम्र लगभग (22) वर्ष पुत्र घनश्याम निवासी जैतीपुर थाना क्षेत्र कंधई का बताया जा रहा है। वह सकरा निवासी अपने मामा के घर से किसी को पेपर दिलाने विद्यालय छोड़कर आज सुबह लगभग आठ बजे घर लौट रहा था तभी मंगरौरा बाजार के पास अखिलेश सिंह पेट्रोल टँकी के समीप भारत गैस सिलेंडर लदे ट्रक से टक्कर हो गई जिसमें उसकी मौके पर हुई मौत। घटना की जानकारी मिलने पर मंगरौरा चैकी पुलिस व कंधई एसओ सत्येंद्र सिंह मौके पर पहुँचकर मृतक युवक को जिला पीएम हाउस भेजा। मामला कंधई थाना क्षेत्र के मंगरौरा बाजार का है। युवक की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।

## शिक्षक से मोबाइल छिनैती पर आक्रोश

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शिक्षक के साथ मोबाइल छिनैती की घटना मे कार्रवाई न होने से शिक्षकों मे सोमवार को आक्रोश देखा गया। स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मे शिक्षक श्याममुकुन्द मिश्र जेठवारा थाना के लोचनगढ़ निवासी है। बीती दस मार्च को वह साइकिल से घर जा रहे थे। शाम करीब साढे पांच बजे सलेम भदारी के गौसपुर मोड पर बाइक सवार दो अज्ञात बदमाश उनका मोबाइल छीनकर भाग गये। पीडित शिक्षक ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस द्वारा अभी तक मुकदमा दर्ज न करने पर पीडित शिक्षक के साथ साथी शिक्षक भी सोमवार को कोतवाली पहुंचकर घटना के खुलासे की मांग की। प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने नाराज शिक्षको को कार्रवाई का भरोसा दिलाकर शांत कराया।

# पर्यावरण का महत्व एवं प्रौढ़ शिक्षा पर दी गई जानकारी

## एमडीपीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुनीश्वरदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिन पर्यावरण प्रदूषण और प्रौढ़ शिक्षा पर विभिन्न पर वक्ताओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए।

सर्वप्रथम बी. एड. विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 उषा दुबे द्वारा पर्यावरण का महत्व एवं एवं प्रौढ़ शिक्षा पर शिविरार्थियो को अति महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई, जिसमें उन्होंने आत्मनिर्भर शिक्षा पर अधिक बल दिया। वक्ताओं के इसी क्रम में हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर और हिन्दी के मूर्धन्य विद्वान डॉ. अरुण कुमार मिश्र द्वारा समस्त शिविरार्थी को अपने जीवन का उत्थान एवं समाज के विकास के लिए आत्मानुशासन को जीवन का अभिन्न अंग बताया। इसी क्रम में शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 संजय कुमार दुबे के मुखार बिंदुओं द्वारा रामचरितमानस के सीता स्वयंवर प्रसंग के माध्यम से समस्त शिविरार्थिओ को अपनी अमृतवाणी के माध्यम से लाभान्वित किया। कार्यक्रम के समापन में एसोसिएट प्रोफेसर एवं कार्यक्रम अधिकारी (महिला इकाई) डॉ. अमिता मिश्रा और कार्यक्रम अधिकारी (पुरुष) डॉ. शैलेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में समस्त शिविरार्थिओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया, जिसमें अमरेंद्र प्रताप सिंह, आदित्य मिश्रा, अंकित कुमार पाल, सौरभ सरोज, सुधीर, आयुषी सिंह, सानिया बानो, शांभवी सिंह, शिवांगी मिश्रा आदि प्रमुख रहे।



शिविर में छात्राओं द्वारा तैयार माडल।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों के कार्यक्रमों की विधायक ने की सराहना

## सावित्री एकेडमी के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने की रंगारंग प्रस्तुति

अखंड भारत संदेश

**बिहारगंज, प्रतापगढ़।** सावित्री एकेडमी चोखड अंती का पुरवा सदर में रविवार को पंचम वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि में रूप में पहुंचे सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्या ने दीप प्रज्वलन किया एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। उसके बाद मुख्य अतिथि का सम्मान बैच लगा कर व माला पहनाकर किया गया।

इस दौरान विधायक राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि बच्चों को ऐसे कार्यक्रमों से संस्कारिक शिक्षा मिलती है। उन्होंने कार्यक्रमों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्रबंधक रमेश कुमार मिश्र ने कहा कि सावित्री एकेडमी सेवा का दूसरा रूप है। उद्देश्य यही हैं कि इस विद्यलाय से हर क्षेत्र में बच्चे अपना नाम रोशन करे। इस दौरान नन्हे मुन्हे बच्चों ने जादू सांग पर नृत्य कर सबका मन आकर्षित किया। इस मौके पर सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्या, श्याम सुंदर टाउ, अरुण मौर्य, रमेश कुमार मौर्य, विकास गुप्ता, संजीव सोनी, राजेश कुमार, प्रमोद मिश्र, मो0 शरीफ आदि लोग मौजूद रहे।



मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते विधायक राजेन्द्र मौर्य।

## पेड़ से गिरकर अधेड़ की मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पेड़ से शहद निकालते समय अधेड़ असंतुलित होकर नीचे गिर गया। इससे अधेड़ की गंभीर चोटों के चलते मौके पर मौत हो गयी। मौत से परिजनों मे कोहराम मच गया। उदयपुर थाना के नरवल गांव का सोहन लाल उर्फ गुटकी भारतीय (45) रविवार की रात लगभग ग्यारह बजे पीपल के पेड़ से शहद निकाल रहा था। अचानक पेड़ पर उसका संतुलन बिगड गया और वह पीपल के नीचे बने पक्के चबूतरे पर आ गिरा। साथ मे मौजूद रिश्तेदार के चीखने चिल्लाने पर परिजन आननफानन घटनास्थल पहुंचे। परिजन घायल गुटकी को सांगीपुर सीएचसी इलाज को ले गये। अस्पताल मे चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधेड की मौत पर परिजनों मे कोहराम मच गया। वहीं सूचना मिलने पर उदयपुर पुलिस ने शव का पंचनामा कर सोमवार को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया।

## लूट छिनैती का मुकदमा नही दर्ज कर रही संग्रामगढ़ पुलिस

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** थाना संग्रामगढ़ में रविवार की रात महेंद्र शुक्ला अपने घर लगभग पौने नौ बजे जा रहे थे कि घर के लगभग दो किमी बकुलाही नदी के पास दो मोटर साइकिल सवार चार लोग सड़क पर अवरोध करके खड़े थे। महेन्द्र शुक्ला का आरोप है कि मेरी गाड़ी रोक कर छीना झपटी करने लगे और जेब में रखा लगभग 13 हजार लूट लिया व मोबाइल गाड़ी तोड़ दिया। उनका कहना है कि घटना की तहरीर थाने में दी गई, लेकिन 24 घन्टे से ज्यादा बीत गए अभी तक पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत नहीं किया।

# पीआरडी जवान को गोली मारने वाला इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र कंधई के शिवसत पुल के पास पीआरडी जवान पवन कुमार तिवारी को ड्यूटी के दौरान दो अपाचे मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा गोली मारकर घायल करने के मामले में चल रही जांच के क्रम में उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त तफ्सीर पुत्र मो0 शरीफ निवासी सिगठी, खालसा थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़ द्वारा न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया गया था।

उक्त अभियोग में विवेचना के क्रम में एक अभियुक्त की नामजदगी गलत पाई गयी थी व एक अन्य अभियुक्त मो0 सकलैन पुत्र मो0 इसराइल का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा उक्त अभियोग में प्रकाश में आए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। इसी क्रम में बीती रात्रि को एस0टी0एफ0, उ0प्र0, फील्ड यूनिट, प्रयागराज व थाना कंधई पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर उक्त अभियोग में वांछित/इनामिया अभियुक्त मो0 सकलैन पुत्र मो0 इसराइल को थाना क्षेत्र कंधई के पिपरी मोड़ के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक पिस्टल 32 बोर व दो जिन्दा कारतूस 32 बोर बरामद किया गया। बरामदगी के संबंध में थाना कंधई पर मु0अ0सं0 116/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त मो0 सकलैन ने पूछताछ में बताया कि 22 जुलाई 2021 को मैं व मेरा साथी तफ्सीर मोटर साइकिल से जा रहे थे कि शिवसत के पास एक पीआरडी के जवान से हम लोगों का विवाद हो गया था जिसे हम लोगों ने, जो पिस्टल मेरे पास से बरामद हुई है इसी से गोली मार दी थी और वहां से भाग गये थे। मैं बचने के लिए मुम्बई चला गया था। आज यह पिस्टल लेकर मैं पुनः मुम्बई भागने की फिराक में था कि आप लोगों ने पकड़ लिया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह, हे0कां0 विजय कुमार व कां0 सुनील कुमार थाना कंधई, उ0नि0 वेद प्रकाश पाण्डेय, हे0कां0 साजिद अली, हे0कां0 प्रभंजन पाण्डेय, कां0 सुनील कुमार व कां0 उदय प्रताप सिंह, एस0टी0एफ0, उ0प्र0, फील्ड यूनिट, प्रयागराज शामिल रहे।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### जेठ देवर से पीड़ित विवाहिता ने एसपी से की फरियाद

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के देवखर पुर गांव की एक विवाहिता जेठ देवर के जुल्म ज्यादती से परेशान है आए दिन गाली गलौज कर अश्लील हरकत करने का आरोप विवाहिता ने जेठ और देवर पर लगाया है विवाहिता का कहना है कि स्थानीय चौकी पुलिस से न्याय नहीं मिल रहा है और चौकी पुलिस आरोपियों को बराबर बल दे रही हैं चौकी पुलिस से न्याय न मिलने पर पीड़ित विवाहिता 22 मार्च को भी एसपी कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र दे चुकी है लेकिन उसके बाद भी चौकी पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की जिससे पीड़ित विवाहिता 28 मार्च को फिर एसपी कार्यालय पहुंची और प्रार्थना पत्र देकर जेठ देवर के आतंक अत्याचार पर कार्यवाही की मांग करते हुए चौकी पुलिस के प्रताड़ना की कहानी बताते हुए उन पर कार्यवाही की मांग की है बताते चलें कि देवखर पुर गांव की सीता देवी पत्नी संतलाल ने आरोप लगाया है कि उसके जेठ बसंत लाल और देवर सुरेश आए दिन गाली गलौज और अश्लील हरकत करते हैं विवाहिता का आरोप है कि कई बार उसकी जेठानी वर्षा भी मारपीट कर चुकी है विवाहिता ने बताया कि जब बीच बचाव करने उसके पति और मायके से भाई लोग आए तो भाई की बाइक में तोड़फोड़ कर उन्हें भी बेरहमी से पीटा गया है।

# विशेष संचारी रोग अभियान को सफल बनाने हेतु सीडीओ ने दिए निर्देश

### सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी पूर्वक कार्यों को करे पूरा

अखंड भारत संदेश




संचारी रोग की बैठक करते सीडीओ सीएमओ सीएमएस

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी द्वारा सम्राट उदयन सभागार में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान एंव दस्तक अभियान को सफल बनाने हेतु जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक की गयी बैठक में बताया गया कि संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 02 अप्रैल से 30 अप्रैल 2022 एवं दस्तक अभियान का प्रथम चरण 15 अप्रैल से 30 अप्रैल से संचालित की जायेगी। संचारी रोग नियन्त्रण अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा कार्य किया जाना है। चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार केसेज की निगरानी (सर्विलान्स)। वेक्टर सर्विलान्स गतिविधियॉ संपादित करना मलेरिया विभाग के कर्मियों तथा फ्रन्ट लाइन वर्कर्स द्वारा घर-घर भ्रमण के दौरान किये गये सर्वे की रिपोट्स के आधार पर वेक्टर घनत्व के आंकड़ों का विश्लेषण कर आकलित वेक्टर सूचनाकांको को निरोधात्मक गतिविधियों हेतु समस्त सहयोगी विभागों को उपलब्ध कराना। फ्रन्ट लाइन वर्कर्स द्वारा उपलब्ध करायी गयी लक्षणयुक्त व्यक्तियों की सूची में उल्लिखित रोगियों की लक्षण के अनुसार संचारी रोगों अथवा कोविड रोग हेतु जॉच की व्यवस्था। वाहक नियंत्रण गतिविधियॉ- ग्रामीण क्षेत्रों में वाहक के घनत्व का आंकलन स्त्रोतों में कमी, लावारीधी गतिविधियॉ तथा आवश्यकतानुसार फॉगिंग आदि कार्यवाही की जायेगी इसी प्रकार नगर विकास विभाग द्वारा-नगरीय क्षेत्रों में वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायों खुले में शौच न करने, शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरों की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करना। खुली नालियों को ढकने की व्यवस्था नालियों कचरों की सफाई करवाना। शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग करवाना एवं सड़कों के किनारे उगी वनस्पतियों को नियमित रूप से हटाया जाना आदि कार्यवाही जायेगी। पंचायती राज विभाग ग्राम विकास विभाग द्वारा-ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम निगरानी समितियों के माध्यम से कोविड तथा संचारी रोगों के विषय में निरन्तर जागरूकता स्थापित रखना तथा कोविड रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों को मेडिसिन उपलब्ध कराने में सहयोग करना। ग्राम स्तर पर साफ-सफाई, हॉथ धोना, शौचालय की सफाई तथा घर से जल निकासी हेतु जन-जागरण के लिए प्रचार-प्रसार वीएचएसएनसी के माध्यम से संचारी रोगों तथा दिमागी रोगों तथा दिमागी बुखार के रोकथाम हेतु ह्लक्या करें, क्या न करेंह्व का सघन प्रचार-प्रसार किया जाये, पेयजल श्रोतों/संसाधनों से शौचालयों की दूरी के उपाय, शौचालयों/सीवर से पेयजल प्रदूषित न होने देने के लिए आवश्यक उपाय, जलाशयों एवं नालियों की नियमित सफाई, ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा फण्ड से एण्टीलार्वा छिड़काव की व्यवस्था, जल निकासी एवं साफ-सफाई, वाटर सील्ड शौचालयों की आवश्यकता, ग्राम स्तर पर कचरा निस्तारण एवं प्रबन्धन व्यवस्था का विकास एवं सभी संवेदनशील ग्रामों में स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत ग्रामों में प्रत्येक मकान में शौचालय का निर्माण कर ग्रामों को खुले में शौच से मुक्त बनाना आदि किया जायेगा।

पशु पालन विभाग द्वारा-सूकर पालकों को अन्य व्यवसाय जैसे-पोल्ट्री उद्योग, को अपनाने हेतु जागरूक एवं प्रेरित करना, यथासंभव सूकरबाड़े को मानव आबादी से दूर स्थापित करवाना एवं सूकर पालकों को सूकर बाड़े की साफ-सफाई, कीटनाशक छिड़काव एवं मच्छररोधी जाली से ढकने हेतु प्रशिक्षित किया जाना आदि किया जायेगा। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ऑगनबाड़ी कार्यत्रियों के द्वारा अपने क्षेत्र के समस्त कुपोषित तथा अति कुपोषित बच्चों की सूची बनाकर उनको उचित पोषाहार उपलब्ध कराना तथा आवश्यकता होने पर पोषण पुनर्वास केन्द्रों पर उपचार तथा पोषण पुनर्वास हेतु भेजना एवं आशा कार्यकर्त्री द्वारा संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान हेतु क्षेत्र में सम्पादित की जा रही समस्त गतिविधियों एवं गृह भ्रमण में ऑगनबाड़ी कार्यकत्री आशा कार्यकर्त्री के साथ रहते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान करना आदि की जायेंगी।

शिक्षा विभाग द्वारा अभिभावकों शिक्षकों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर कोविड-19, दिमागी बुखार एवं अन्य संचारी रोगों से बचाव, रोकथाम एंव उपचार हेतु संवेदीकरण करने, विशेषकर सुरक्षित पीने का पानी, शौचालय का प्रयोग, खुले में शौच के नुकसान पर जोर दिा जाय, हर बुखार खतरनाक हो सकता है, दिमागी बुखार के कारण क्या है, बुखार होने पर क्या करें, क्या न करें के विषय में जागरूक किया जाय एवं छात्रों की गतिविधियों में उनके अभिभावकों की भी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु इस अभियान के लिए छात्रों को दिये गये असाइनमेंट्स, यथा-पोस्टर, निबंध इत्यादि पर अभिभावकों से भी दो पंक्तियों की टिप्पणी लिखने का आग्रह किया जाये आदि कार्यवाही की जायेगी। दिब्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा-जनपद स्तर पर स्थापित डिस्ट्रिक्ट डिसेबिलिटी रिहैबिलिटेशन सेन्टर का सुदृढ़ीकरण किया जाये, जिससे इन विकलांग बच्चों को इस योग्य बनाया जा कें कि वे अन्य शिक्षा संस्थानों में सामान्य बच्चों के साथ ही शिक्षा ग्रहण कर सकें आदि किया जायेगा। कृषि एवं सिंचाई विभाग द्वारा-जमे हुए पानी में मच्छरों के प्रजनन को रोकने तथा सिंचाई के वैकल्पिक उपायों पर अपनी तकनीकी सलाह देना, मच्छर रोधी पौधों का उगाया जाना एवं खेतों में मच्छरों के प्रजनन को रोकने/कम करने हेतु नई तकनीकों के प्रयोग के लिए मदद उपलब्ध कराना आदि तथा उद्यान विभाग द्वारा सार्वजनिक उद्यानों एवं विद्यालयों में मच्छर विकर्षी पौधों का रोपण आदि किया जायेगा मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को अपने विभाग से सम्बन्धित कार्यों को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला पंचातय राज अधिकारी को अभियान के तहत सामुदायिक शौचालयों की बेहतर साफ-सफाई, हैण्डपम्पों के रिबोर एवं हैण्डपम्प के आस-पास जल भराव न होने पाये आदि कार्यवाही कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को पी0ए0 सिस्टम से आमजन को जागरूक करने एवं विशेष साफ-सफाई के साथ ही फॉगिंग एंव एण्टीलार्वा का छिड़काव नियमित कराने के निर्देश दिये इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 केसीराय एवं जिला विकास अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### मिशन इन्द्रधनुष अभियान का द्वितीय चरण 04 अप्रैल से

**कौशाम्बी।** उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 हिन्द प्रकाश मणि ने बताया कि सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान का द्वितीय चरण 04 अप्रैल से 10 अप्रैल तक एंव तृतीय चरण 02 मई से 08 मई तक संचालित किया जायेगा। इस अभियान के तहत शून्य से 02 वर्ष की आयु तक के छूटे हुए बच्चों को चिन्हित कर टीकाकरण किया जायेगा तथा इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं का भी टीकाकरण किया जायेगा।

# बोर्ड परीक्षा देने पहुंची छात्राएं बेहोश

अखंड भारत संदेश



बेहोश छात्रा की देखभाल करती अन्य छात्राएं

**कौशांबी।** यूपी बोर्ड परीक्षा देने सोमवार को दूसरी पाली में एक दर्जन छात्राएं दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा पहुँची लेकिन विद्यालय पहुंचने पर छात्राओं को मालूम चला कि उनकी परीक्षा सुबह प्रथम पाली में थी जिससे उनकी परीक्षाएं छूट गयी हैं और वह विद्यालय दूसरी पाली परीक्षा में पहुँची है थोड़ी सी लापरवाही के चलते यूपी बोर्ड परीक्षा छूट जाने से छात्राएं बेचैन हो गयी काफी देर तक दोपहर पाली में छात्राएं कालेज के गेट के बाहर सड़क पर खड़ी रही और प्रयास करती रही कि उनकी छूटी परीक्षा किसी तरह से दूसरी पाली में हो जाए लेकिन परीक्षा छोड़ जाने के बाद दूसरी पाली में छात्राओं की परीक्षाएं नहीं हो सकी जिससे धूप अधिक लग जाने और परीक्षा छूट जाने की परेशानी के चलते एक छात्रा कालेज के बाहर बेहोश हो गई जिसे पानी का छींटा मार कर अन्य छात्राओं ने होश में लाने का प्रयास किया जब छात्रा को होश नहीं आया तो उसे एंबुलेंस से इलाज के लिए छात्रा को जिला अस्पताल पहुंचाया गया यूपी बोर्ड की परीक्षा छूट जाने वाली छात्राओं में अर्चना देवी सविता देवी विजिया सरोज पुष्पा देवी अंशिका ज्योति सीता देवी अंजली देवी कुमकुम सहित तमाम छात्राएं मौजूद रही।

# खारा स्कूल का ताला तोड़कर सामान उठा ले गए चोर

**भरवारी कौशाम्बी।** सिराथू विकास खण्ड अन्तर्गत कोखराज थाना क्षेत्र के खारा गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के कक्ष का ताला तोड़कर 24 मार्च की रात में सरकारी स्कूल का सामान चोर उठा ले गए थे मामले की सूचना कोखराज पुलिस को प्रधानाध्यापक अमरीश कुमार ने दी है लेकिन 4 दिन बीत जाने के बाद भी सरकारी स्कूल में चोरी का मुकदमा पुलिस ने नहीं दर्ज किया है सरकारी स्कूल से चोरी गए सामान को तलाशना तो पुलिस के लिए दूर की बात है प्रधानाध्यापक ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए स्कूल में चोरी गए सामान का मुकदमा दर्ज कराए जाने और चोरों की तलाश करने की मांग की है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की हुई मौत

### बाइक सवार दूसरे युवक का चल रहा है अस्पताल में इलाज

अखंड भारत संदेश

**बैरम पुर कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के कोलुहा के हुकुम सिंह के डेरी के पास तेज रफ्तार लग्जरी कार ने बाइक सवार दो ब्यक्तियो को टक्कर मार दी है हादसे में दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं घटना सोमवार दोपहर की है घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है जहां एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई है दूसरा व्यक्ति का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है( घटनाक्रम के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पचामा गांव निवासी प्रेम सिंह उर्फ फल्लवी नेता उम्र लगभग 57 वर्ष अपने पेंटर नन बुद्दी के साथ बाइक से बैरमपुर जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार प्रेम सिंह कोलुहा के हुकुम सिंह के डेरी के पास पहुंचे कि तेज रफ्तार लग्जरी कार ने बाइक में टक्कर मार दी लग्जरी कार की टक्कर लगते ही बाइक सवार दोनों व्यक्ति लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे में घायल दोनों व्यक्तियों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचा दिया जहां इलाज के दौरान प्रेम सिंह उम्र लगभग 57 वर्ष की मौत हो गई है हादसे में घायल नन बुद्धी पासी का इलाज चल रहा है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

## न्यूज झरोखा

### मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति की बैठक संपन्न



**कौशाम्बी।** जिला मुख्यालय मंझनपुर स्थित सरस भवन में मान्यता प्राप्त पत्रकार संवाददाता समिति की मासिक बैठक रामबदन भार्गव की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें पत्रकारों की समस्याओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया बैठक में समिति की मासिक बैठक में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले सदस्यों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने के साथ पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी से मिलकर समाधान कराए जाने पर विचार किया गया समिति के चुनाव पर भी विचार किया गया बैठक में जयशंकर गुप्ता मोहम्मद जमशेद मोअज्जम खान बालमुकुंद तिवारी महेंद्र मिश्रा डॉक्टर अतहर रिजवी अंजनी पांडेय रमेश चंद्र त्रिपाठी जरीना सिद्दीकी ज्ञानचंद द्विवेदी आनंद मोहन मोहम्मद अलीम रत्नाकर गर्ग कृष्णमणि मिश्रा सलमान रिजवी आदि पत्रकार मौजूद रहे।

### पूर्व प्रधान पर गबन का आरोप कार्यवाही के नाम पर शून्य

#### पूर्व प्रधान उमरछा पर 1 लाख 37 हजार रुपए गबन के आरोप की पुष्टि होने के कई महीने बाद नहीं हो सकी वसूली

**कौशाम्बी।** मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत उमरछा में सरकारी धन से विकास कराए जाने के नाम पर हेराफेरी कर पूर्व प्रधान द्वारा एक लाख 37 हजार रुपए गबन किए जाने के आरोप की पुष्टि कई महीने पूर्व जांच अधिकारियों ने कर गबन की रकम की वसूली पूर्व प्रधान से कराए जाने के लिए अपनी रिपोर्ट जिला पंचायत राज अधिकारी को भेज दी है पूर्व ग्राम प्रधान पर सरकारी रकम गबन करने के आरोप के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी ने आरोपी पूर्व ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी किया लेकिन आरोपी पूर्व ग्राम प्रधान ने डीपीआरओ के नोटिस का जवाब नहीं दिया कई महीने बीत गए लेकिन सरकारी रकम में हेराफेरी कर गबन करने वाले उमरछा ग्राम के पूर्व प्रधान पर अब तक कार्यवाही नहीं हो सकी हैं जिससे भ्रष्टाचार को रोकने में अधिकारी कितना सक्रिय हैं इसका सहज अंदाजा आम जनता लगाने लगी है इलाके के लोगों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर उमरछा ग्राम पंचायत के पूर्व ग्राम प्रधान पर कार्यवाही करते हुए गबन की सरकारी रकम 1 लाख 37 हजार रुपए भू राजस्व की भांति पूर्व प्रधान से वसूली कराए जाने का अनुरोध किया है।

### 444 विवेचनाओं का किया निस्तारण

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के सभी विवेचकों के साथ गोष्ठी कर विवेचनाओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया था जिसके क्रम में 22 मार्च 2022 से 27 मार्च 2022 तक अभियान चलाकर 444 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया है जिसमे क्रम में थाना मंझनपुर द्वारा 65 विवेचनाओं का निस्तारण थाना करारी द्वारा 54 विवेचनाओं का निस्तारण थाना पश्चिम शरीरा द्वारा 36 विवेचनाओं का निस्तारण थाना महेवाघाट द्वारा 24 विवेचनाओं का निस्तारण थाना कौशाम्बी द्वारा 25 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया महिला थाना द्वारा 02 विवेचनाओं का निस्तारण थाना सराय अकिल द्वारा 27 विवेचनाओं का निस्तारण थाना चरवा द्वारा 39 विवेचनाओं का निस्तारण थाना पिपरी द्वारा 24 विवेचनाओं का निस्तारण थाना कोखराज द्वारा 42 विवेचनाओं का निस्तारण थाना सैनी द्वारा 64 विवेचनाओं का निस्तारण थाना मोहब्बतपुर पइन्सा द्वारा 15 विवेचनाओं का निस्तारण व थाना कडाधाम द्वारा 27 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया।

### 10 दिन बीते गायब बालिका का नहीं लगा सुराग

#### परिजनों ने शिकायती पत्र भेजकर बालिका को खोजने की मांग, बालिका को खोजने पहुंचे उसके भाई को दबंगों ने बेरहमी से पीटा

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के घासीपुर गांव से 10 दिन पूर्व एक बालिका अचानक गायब हो गई थी मामले में थाना पुलिस से लेकर पुलिस कप्तान कार्यालय तक पीड़ित परिजनों ने शिकायत की लेकिन बालिका को खोजने में थाना पुलिस रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी है जिस पर पीड़ित परिजनों ने पुलिस अधिकारियों को ट्विटर पर शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है । गौरतलब है कि पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के घासीपुर गांव से 19 मार्च को बंदना देवी पुत्री राजकरन को गांव की प्रीति बुलाकर अपने घर ले गई थी प्रीति के घर जाने के बाद बंदना वापस नहीं लौटी उसके बाद से बंदना देवी का कहीं पता नहीं चल रहा बालिका बंदना के गायब हो जाने के बाद बंदना के भाई अनुज तिवारी ने 20 मार्च को प्रीति के परिजनों से अपनी बहन बंदना के बारे में जानकारी चाही तो बंदना के बारे में जानकारी देने के बजाय आरोपियों और उनके साथियों ने बंदना के भाई अनुज तिवारी को लाठी-डंडे फरसा से बेरहमी से पीटा जिससे अनुज को गंभीर चोटें आई पीड़ित परिजनों का कहना है कि हमलावर पूर्व से तमाम बड़े अपराध के नामजद आरोपी हैं और आरोपियों ने पूर्व में भी हत्याएं की हैं अनुज तिवारी को आशंका है कि उसकी बहन वंदना देवी की हत्या आरोपियों ने साथियों के साथ मिल कर की है और लाश गायब कर दी है आरोपियों द्वारा प्राणघातक हमला किए जाने के बाद अनुज तिवारी का जिला अस्पताल में इलाज चला मामले में पुलिस ने बालिका को खोजने का प्रयास नही किया और ना ही अनुज तिवारी पर हमले का मुकदमा दर्ज किया जिससे थाना पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में है 10 दिन बीत जाने के बाद भी गायब बालिका को खोजने के मामले में नामजद आरोपियों से पुलिस ने पूछताछ करना भी मुनासिब नहीं समझा 10 दिन बाद भी गायब वंदना का ना पता चल पाने पर पीड़ित परिजनों ने मामले की शिकायत आला अधिकारियों से करते हुए आरोपियों पर कठोर कार्यवाही करने और बालिका को खोजने की गुहार लगाई है।

# गद्दारों की टोली में डिप्टी सीएम के नजदीक पहुंचने की लगी होड़

### उनके नजदीकी दिखाकर करोड़ो की अपार दौलत कमाकर हराने की थी साजिश!

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** विधानसभा चुनाव में सिराथू विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के चुनाव प्रचार में उनका विरोध करने वाले लोग भी केशव प्रसाद मौर्य के उत्तर प्रदेश सरकार में दोबारा डिप्टी सीएम बनते ही केशव प्रसाद मौर्य का जिंदाबाद करने लगे हैं जिन लोगों ने विधानसभा चुनाव में उनका साथ नहीं दिया वहां तक ठीक लेकिन साथ रहकर गद्दारी करने वाले वह भी ढोल नगाड़े डीजे बजाकर डिप्टी सीएम का जिंदाबाद करते देखे जाते हैं अब वह अपने को डिप्टी सीएम का खास बताने के सारे प्रयास कर रहे हैं लेकिन डिप्टी सीएम जानते हैं किस-किस ने उनका विरोध किया है सिराथू निवासी प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सिराथू से चुनाव लड़ा जिसमे सपा अपना दल कमेरा की प्रत्यासी डॉ पल्लवी पटेल ने 7 हजार से अधिक मतों से उन्हें हरा दिया किंतु प्रदेश में योगी सरकार की पूर्ण बहुमत की सरकार बन गयी जिसमे हारे हुए केशव प्रसाद मौर्य को जो केंद्र सरकार की नजर में ओबीसी के बड़े चेहरा हैं उन्हें उपमुख्यमंत्री बना दिया। तमाम वरिष्ठ पुराने पदाधिकारी कार्यकताओं ने आरोप लगाते हुए कहा हराने में जनप्रतिनिधियों कथित मठाधीशों की लाबी लग गयी थी इनकी लाबी इतनी मजबूत थी कि उन्ही का धन उनके खिलाफ प्रयोग किया गया कथित जनप्रतिनिधियों ने एक नारा अंदर ही अंदर लगाया गया कि यह बरगद का पेड़ यदि ज्यादा फैल गया तो किसी को आगे नही बढ़ने देगा स्वामी प्रसाद मौर्या की लाबी में अपनी भक्ति दिखाने वाला एक बहुरूपिया ने भी अपहरण का नाटक किया और जो मठाधीश थे गनर वाले इनका उस क्षेत्र में दलाली का इतना आतंक था कि अपना बूथ भी बुरी तरह हार गए अपने को खुद डिप्टी सीएम समझ कर छोटे कार्यकताओं को झिड़क देते रहे जब भी उपमुख्यमंत्री क्षेत्र में आ जाएं वही मठाधीश घेर कर खड़े हो जाते किसी आम कार्यकर्ता को मिलने तक नही देते थे। लेकिन विधानसभा चुनाव में गद्दारी करने से नहीं चूके जिले की राजनीति करने वाले दो नेताओं का नाम भी विधानसभा चुनाव में गद्दारी करने के मामले में शामिल बताया जाता है कभी बसपा कभी सपा कभी अपना दल और फिर भाजपा में रहने वाला एक मौकापरस्त नेता भी डिप्टी सीएम के चुनाव में मौके की तलाश से नहीं चूका है।

### पार्टी ने बनाया उपमुख्यमंत्री

**अझुवा कौशाम्बी।** ओबीसी समाज का बड़ा चेहरा देखकर भारतीय जनता पार्टी ने केशव प्रसाद मौर्य को फिर उपमुख्यमंत्री का दायित्व प्रदान कर दिया पार्टी के पुराने कार्यकताओं के अनुसार बहुरूपिया दगेबाज धोखेबाज यही लोग सोसल मीडिया के विभिन्न माध्यमों में विभिन्न तरीके से फोटों लगाकर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का खास बनने का प्रयास कर रहे हैं गिरगिट की तरह रंग बदलकर खास बनने का प्रयास कर रहे हैं जिसमे कुछ सफल होते भी दिख रहे हैं तमाम पुराने कार्यकताओं ने बताया कि यदि उनके खासम खास समझे जाने वाले लोगों की भूमिका डिप्टी सीएम को सिराथू चुनाव हारने की रही तो मंझनपुर, चायल विधानसभा चुनाव पार्टी कैसे हारी पार्टी समीक्षा बैठक में इन सभी बातों को रखा जाएगा।

# एसडीएम के आदेश पर भारी पड़ी पइंसा पुलिस की अवैध वसूली

अखंड भारत संदेश

### उप जिला अधिकारी के 14 मार्च को अग्रिम आदेशों तक नव निर्माण पर रोक लगाने के आदेश के बावजूद बेखौफ तरीके से हुआ निर्माण

**कौशांबी।** योगीराज में चौकी और थाना पुलिस किस तरह से मनमानी पर उतारू हो कर कानून नियम की धज्जियां उड़ाते हुए आम जनता को प्रताड़ित कर धनादोहन में जुटी है इसका जीता जागता उदाहरण सिराथू एसडीएम के 14 मार्च को छोटेलाल पुत्र भुइरा निवासी कैमा के प्रकरण में दिए गए आदेश से देखा जा सकता है 14 मार्च को छोटेलाल पुत्र भुइरा के जमीन पर शिव भवन सिंह आदि के अवैध कब्जे को रोकने के लिए एसडीएम सिराथू ने पइंसा थाना पुलिस को निर्देशित करते हुए लिखा है कि अग्रिम आदेश तक नवनिर्माण ना हो लेकिन एसडीएम का यह आदेश पइंसा थाना पुलिस के लिए रद्दी के कागज के समान है पइंसा पुलिस ने कब्जा धारकों से मोटी रकम वसूली और थाना पुलिस का संरक्षण मिलते ही बेखौफ तरीके से अवैध कब्जा दबंग करते रहे भूस्वामी छोटेलाल न्याय के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की चौखट पर भटकता रहा और दूसरे की भूमि पर जबरिया दबंग कब्जा करते रहे थाना पुलिस राजस्व का मामला बताकर एसडीएम के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए कानून का हवाला देती रही जिससे उप जिलाधिकारी सिराथू का 14 मार्च के आदेश का पालन नहीं हो सका और पीड़ित को न्याय नहीं मिल सका 12 मार्च और 25 मार्च को भी अपनी जमीन पर अवैध कब्जे को रोकने के लिए पीड़ित छोटेलाल ने पइंसा थाना पुलिस को भी तहरीर दिया लेकिन इस मामले का भी पालन थाना पुलिस नहीं कर सकी थाना पुलिस से न्याय न मिलने पर पीड़ित 28 मार्च को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा एडीएम को प्रार्थना पत्र देकर एसडीएम सिराथू के आदेश का पालन कराने और पइंसा थाना पुलिस के कारनामों को बताते हुए जमीन पर स्टे के बावजूद किए गए अवैध कब्जे को धरा शाही करने की छोटेलाल ने मांग की है अब सवाल उठता है कि यदि योगी राज में कानून का राज स्थापित है तो थाना पुलिस आला अधिकारियों के आदेशों को मानने से क्यों इंकार कर रही हैं आखिर थाना पुलिस को किस का संरक्षण मिला हुआ है जिससे कानून नियम की धज्जियां उड़ाते हुए वह आला अधिकारियों के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रही हैं यह थाना पुलिस की मनमानी की व्यवस्था बड़ी जांच का विषय है और पैसा थाना पुलिस के कारनामे पर आला अधिकारियों ने जांच कराई तो थाना पुलिस की गलत तरीके से जमीन पर कब्जा कराने के मामले में अवैध वसूली का खेल बेनकाब होगा।

# भाजपा राज में सपा के गुंडों ने दलित को पीटा

अखंड भारत संदेश

### तमाम मुकदमे दर्ज होने पर जिला अधिकारी सपा नेता का शस्त्र लाइसेंस कर चुके हैं निरस्त

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में 5 वर्षों से भाजपा का शासन कायम होने के बाद भी सपा के गुंडे अपराध करने में भय नहीं खा रहे हैं योगी सरकार अपराधियों पर बुलडोजर चलाकर उनकी संपत्तियों को तहस-नहस कर रही है लेकिन चौकी पुलिस की लचर व्यवस्था के चलते जिले के गुंडों को योगी सरकार की कार्यवाही का तनिक भय नहीं है ताजा मामला कोखराज थाना क्षेत्र के हररायपुर पुलिस चौकी अंतर्गत उमरछा ग्राम पंचायत का है जहां 18 मार्च को अनिल कुमार पासी पर गांव के दबंग सपा नेता विजय कुमार यादव सोहन लाल यादव ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर खुलेआम गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए दलित को बेरहमी से पीटा था मामले में आरोप है कि दलित को सार्वजनिक स्थानों पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए सपा नेताओं ने अपमानित किया था इस मामले में हररायपुर चौकी पुलिस को सूचना दिए जाने के 10 दिन बाद भी आरोपियों पर चौकी पुलिस की मेहरबानी बनी हुई है। चौकी पुलिस से न्याय ना मिलने पर पीड़ित एसपी कार्यालय पहुंचा और शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है बताते चलें कि विजय कुमार यादव इलाके में आए दिन लड़ाई झगड़ा कर आम जनता को प्रताड़ित करते हैं इसके पहले भी इन पर कई मुकदमे दर्ज हैं विजय कुमार यादव के आतंक अत्याचार पर पूर्व में इनके शस्त्र लाइसेंस को जिला अधिकारी द्वारा निरस्त किया जा चुका है तमाम कार्यवाही के बाद भी सपा नेता विजय यादव का आपराधिक हौसला भाजपा राज में भी नहीं टूटा है और आम जनता पर लगातार अत्याचार आतंक चौकी पुलिस के संरक्षण में विजय यादव कर रहे हैं जो योगी सरकार की पुलिसिया व्यवस्था पर बड़ा सवाल है।

# एसपी ने माना प्रकरण है गंभीर 4 दिन बीते नहीं हुआ निस्तारण

अखंड भारत संदेश

### 18 मार्च को बालिकाओं के साथ छेड़खानी मारपीट और पर्स छिनैती के मामले में 10 दिन बाद भी नहीं हुई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** अपराधिक मामलों को पुलिस अधीक्षक स्वयं गंभीर प्रकरण मानकर थाना पुलिस और सर्किल पुलिस को निर्देशित करते हैं कि प्रकरण गंभीर एवं महिला अपराध से संबंधित है और क्षेत्राधिकारी सिराथू को निर्देशित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आप स्वयं अथवा अन्य थाने से जांच करा लें और नियमानुसार कार्यवाही करें लेकिन गंभीर प्रकरण पर 24 मार्च को पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देश के बाद भी जांच नहीं पूरी हो सकी है जिससे थाना और सर्किल पुलिस की लचर व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है पुलिस की सुस्ती के चलते आरोपियों पर मुकदमा नहीं दर्ज हो सका है जिससे पीड़ित बालिकाएं न्याय के लिए अधिकारियों की चौखट का चक्कर लगा रही हैं मामला कोखराज थाना क्षेत्र का है। घटनाक्रम में बताते चलें कि प्रियंका यादव पुत्री सतनारायण निवासी उमरछा अपनी सहेली सफीना परवीन के साथ 18 मार्च को इलाहाबाद से स्कूटी से उमरछा गांव जा रही थी रात्रि 8:00 बजे उमरछा गांव के बाहर मुंह बांधे आधा दर्जन लोगों ने बीच सड़क पर दोनों बालिकाओं को घेर लिया जिससे स्कूटी रोकनी पड़ी आरोप है कि बालिकाओं से छेड़खानी की गई है उनके साथ मारपीट की गई है और उनका पर्स छीन लिया गया है जिसमें 720 रुपये नगद और जरूरी कागजात थे छीना झपटी में आरोपियों के मुँह से कपड़े हट गया जिस पर बालिकाओं ने आरोपियों को पहचान लिया घटना के बाद बालिकाओं ने 112 पुलिस को सूचना दी थाना पुलिस को सूचना दी लेकिन आरोपियों पर कार्यवाही नहीं हुई मामले को लेकर बालिकाएं 24 मार्च को पुलिस अधीक्षक से मिली और आरोपियों के कारनामों को बताते हुए कार्यवाही की मांग की जिस पर पुलिस अधीक्षक ने सीओ सिराथू को निर्देशित करते हुए लिखा है कि प्रकरण गंभीर एवं महिला अपराध से संबंधित है आप स्वयं अथवा अन्य थाने से जांच करा ले और नियमानुसार कार्यवाही करें लेकिन घटना के 10 दिन और एसपी के आदेश के 4 दिन बीत जाने के बाद भी मामले में कार्यवाही नहीं हो सकी है जिससे आरोपी खुलेआम घूम कर पीड़ितों को तहरीर वापस लेने की धमकी दे रहे हैं।

## संपादकीय

# वायु प्रदूषण बना गंभीर संकट

**स्विस** संगठन आईक्यू एयर द्वारा हाल ही में 2021 की द्यवर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट जारी की गई है, जिसमें दुनियाभर के कुल 117 देशों के 6475 शहरों के डेटा का विश्लेषण करने के बाद यह निष्कर्ष सामने आया है कि विश्व का कोई भी शहर ऐसा नहीं है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा निर्धारित किए गए मानकों पर खरा उतरता हो। डब्ल्यूएचओ की यूएन एनवायरमेंट प्रोटेक्शन एजेंसी द्वारा इस रिपोर्ट के आधार पर विश्वभर के शहरों की एयर क्वालिटी की जो रैंकिंग जारी की गई है, उसके मुताबिक वायु प्रदूषण के मामले में भारत की स्थिति तो बेहद खराब है। रिपोर्ट के मुताबिक हालांकि दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित देशों में भारत छठे स्थान पर है लेकिन चौंकाने वाली स्थिति यह है कि प्रदूषण पर लगाम लगाने की तमाम कवायदों के बावजूद देश की राजधानी दिल्ली फिर से दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी के रूप में सामने आई है। इतना ही नहीं, दुनियाभर के 50 सबसे ज्यादा खराब एयर क्वालिटी वाले शहरों में से 35 शहर तो भारत के ही हैं। मध्य और दक्षिण एशिया के सर्वाधिक प्रदूषित 15 शहरों में 12 भारत के हैं। भारत के संदर्भ में तो रिपोर्ट का सार यही है कि राजधानी दिल्ली के अलावा भी देश के अधिकांश स्थानों पर लोग प्रदूषित हवा में सांस लेने को विवश हैं, जिस कारण उनमें तमाम गंभीर बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। वायु प्रदूषण स्वास्थ्य पर गंभीर असर डालते हुए कई गंभीर बीमारियों का कारण तो बनता ही है, साथ ही इससे किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को भी बहुत बड़ी चोट पहुंचती है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वायु प्रदूषण संकट की आर्थिक लागत भारत जैसे देश के लिए सालाना 150 अरब डॉलर से भी ज्यादा हो सकती है। वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट के मुताबिक भारत में वर्ष 2021 में पीएम2.5 का वार्षिक औसत स्तर 58.1 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर तक पहुंच गया था जबकि राजधानी दिल्ली में यह 2020 के पीएम2.5 के वार्षिक औसत स्तर 84 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के मुकाबले 2021 में 14.6 फीसदी वृद्धि के साथ 96.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर पहुंच गया। दिल्ली में प्रदूषण का यह स्तर डब्ल्यूएचओ द्वारा निर्धारित मानकों से 19 गुना से भी ज्यादा है। राजस्थान का भिवाड़ी 106.2 पीएम2.5 स्तर के साथ सबसे प्रदूषित क्षेत्रीय शहर है जबकि दूसरे स्थान पर 102 पीएम2.5 के साथ गाजियाबाद है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत के 15 शहर तो ऐसे हैं, जहां पीएम2.5 का स्तर निर्धारित मानकों से 17 से 21 गुना ज्यादा है। ऐसे में सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि वायु प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य पर खतरे किस कदर बढ़ रहे हैं। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक में वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों का विस्तृत विश्लेषण करते हुए बताया गया है कि प्रदूषित हवा में सांस लेने और वायु प्रदूषण के निरन्तर सम्पर्क में रहने से कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। दरअसल जिस हवा में हम सांस लेते हैं, उसमें मौजूद प्रदूषित कण पीएम (पार्टिकुलेट मैटर) शरीर में प्रवेश कर कई गंभीर बीमारियों का कारण बनते हैं। प्रदूषित हवा में अनेक हानिकारक बैक्टीरिया भी होते हैं, जो सांस के जरिये शरीर में प्रवेश कर जाते हैं और निमोनिया जैसी गंभीर बीमारियों को निमंत्रण दे सकते हैं।

# शपथ ग्रहण में भी नवोन्मेष

**सियाराम पांडेय शांत**

**दो दिन पहले उत्तराखंड में पुष्कर धामी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने दोबारा कमान संभाली है। उत्तर प्रदेश सरकार के सामने चुनौतियां बहुत हैं। उसे युवाओं और किसानों की अपेक्षाओं पर तो खरा उतरना ही है। कोरोना काल में पटरी से उतर चुकी शिक्षा व्यवस्था को ठीक करना है। डिफेंस कॉरिडोर को अंजाम तक पहुंचाना है तो शुरू की गई अनेक विकास परियोजनाओं को पूरा भी करना है। इस बार सरकार को सत्ता संचालन की मॉनिटरिंग अधिक मुस्तैदी से खुद करनी है। बृजेश पाठक को उपमुख्यमंत्री बनाकर योगी आदित्यनाथ ने विरोधी दलों को यह संदेश तो दे ही दिया है कि भाजपा में आने वाले दूसरे दल के नेताओं को भी पर्याप्त सम्मान मिलता है**

**हिंदुत्व** के पोस्टर ब्वॉय समझे जाने वाले योगी आदित्यनाथ ने दूसरी बार उत्तर प्रदेश जैसे देश के सबसे बड़े राज्य की कमान संभाल ली है। दो उपमुख्यमंत्रियों समेत 18 कैबिनेट मंत्रियों, 14 स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्रियों और 20 राज्यमंत्रियों के साथ उन्होंने लखनऊ के भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में पद और गोपनीयता की शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत भाजपा की तमाम दिग्गज हस्तियां इस शपथ ग्रहण समारोह की साक्षी बनीं। 70 हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति में यह शपथ ग्रहण समारोह हुआ। यह भी अपनी तरह का रिकॉर्ड है।

किसी भी राज्य में शपथ ग्रहण समारोह को लेकर इतने नवोन्मेष भी कभी नहीं हुए। काशी, मथुरा, अयोध्या समेत प्रदेश भर के देवालयों में तो भाजपाइयों ने पूजन-अर्चन किए ही, घंटा - घड़ियाल और शंख भी बजाए। यही नहीं, बुलडोजर तक की पूजा-आरती कर डाली। कुछ भाजपाई तो बुलडोजर पर चढ़कर ही शपथ ग्रहण समारोह देखने आए। नमामि गंगे के पदाधिकारियों ने काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ की तस्वीर के साथ मां गंगा का दुग्धाभिषेक किया और आरती उतारी। लखनऊ में एक स्कूल के छात्रों ने योगी आदित्यनाथ को शुभकामना देने के लिए मानव श्रृंखला बनाई और इसे योगी से उम्मीदों का प्रतीक निरूपित किया गया। वर्ष 2017 में योगी आदित्यनाथ ने 47 मंत्रियों के साथ शपथ ली थी। तब भी उन्होंने मोहसिन रजा को अपने मंत्रिमंडल में स्थान दिया था। इस बार मोहसिन रजा की जगह दानिश आजाद को मंत्रिमंडल में जगह दी गई है। योगी सरकार चाहती तो 10 मार्च को चुनाव नतीजे आने के एक-दो दिन बाद ही सत्ता की कमान संभाल सकती थी लेकिन 15 दिन उसने सहयोगियों के चयन को लेकर राजनीतिक मंत्रणा की। इस बीच उसने जहां पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा, नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन समेत 23 पूर्व मंत्रियों को अपने मंत्रिमंडल से बाहर



का रास्ता दिखाया, वहीं कई नए चेहरों को अपने साथ भी लिया। राजनीतिक और क्षेत्रीय समीकरणों के लिहाज से देखें तो योगी सरकार में इस बार अति पिछड़ा वर्ग के 18 मंत्री बनाए गए हैं। 10 राजपूतों को योगी मंत्रिमंडल में जगह दी गई है जबकि 8 ब्राह्मणों को मंत्रिमंडल का हिस्सा बनाया गया है। 7 दलितों और तीन जाटों और एक सिख को योगी मंत्रिमंडल में तरजीह मिली है। पांच महिलाओं बेबी रानी मौर्य, प्रतिभा शुक्ल, विजय लक्ष्मी गौतम, रजनी तिवारी और गुलाब देवी को मंत्री बनाया गया है। इसमें गुलाब देवी को छोड़कर चारों पहली बार मंत्री बनी हैं। मंत्रिमंडल में 38 विधायकों, 9 विधान परिषद सदस्यों को स्थान मिला है जबकि पांच मंत्री अभी किसी सदन के सदस्य नहीं हैं।

पूर्वांचल, पश्चिमांचल, बुंदेलखंड और अवध को साधने की हर संभव कोशिश की गई है। योगी मंत्रिमंडल में आईएएस और आईपीएस को तो महत्व दिया ही गया है, वकीलों को भी महत्व दिया गया है। श्रीकांत शर्मा, सतीश महाना और सिद्धार्थ नाथ सिंह को तरजीह न मिलना खलता जरूर है लेकिन चर्चा यह है कि भाजपा उनका बेहतर उपयोग करने की दिशा में विचार कर रही है। पूर्वांचल से तीन कैबिनेट और छह राज्यमंत्री बनाकर भाजपा ने साफ कर दिया है कि उसकी नजर वर्ष 2024 की तैयारी पर है और इस लिहाज से भी वह मंत्रियों के चयन में कोई जोखिम ले पाने की स्थिति में नहीं है।

योगी-2 सरकार में राज्यमंत्री बनाए गए दानिश आजाद का कहना है कि भाजपा अपने हर कार्यकर्ता की मेहनत की कद्र करती है। यह मेरे जैसे साधारण कार्यकर्ता के लिए पार्टी शीर्ष नेतृत्व के भरोसे का प्रतीक है। इससे पहले भी भाजपा के शीर्ष नेताओं के स्तर पर कहा गया था कि भाजपा अपने हारे हुए प्रत्याशियों का भी बेहतर उपयोग करेगी।

इसलिए उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है लेकिन जिस पूर्व मंत्री के आगे से सत्ता की थाल सरक गई, उस पर क्या बीत रही होगी, इसका आकलन करना सामान्य जन के बस का नहीं है। यह सच है कि इस चुनाव के जरिये योगी सरकार ने कई कीर्तिमान बनाए हैं। उसमें एक यह भी है कि 1985 के बाद पहली बार लगातार दूसरी बार उत्तर प्रदेश में भाजपा ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है। 35 साल पहले नारायण दत्त तिवारी ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी। इसे संयोग ही कहा जाएगा कि नारायण दत्त तिवारी भी उत्तराखंड से थे और योगी आदित्यनाथ भी उत्तराखंड से हैं।

दो दिन पहले उत्तराखंड में पुष्कर धामी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने दोबारा कमान संभाली है। उत्तर प्रदेश सरकार के सामने चुनौतियां बहुत हैं। उसे युवाओं और किसानों की अपेक्षाओं पर तो खरा उतरना ही है। कोरोना काल में पटरी से उतर चुकी शिक्षा व्यवस्था को ठीक करना है। डिफेंस कॉरिडोर को अंजाम तक पहुंचाना है तो शुरू की गई अनेक विकास परियोजनाओं को पूरा भी करना है। इस बार सरकार को सत्ता संचालन की मॉनिटरिंग अधिक मुस्तैदी से खुद करनी है। बृजेश पाठक को उपमुख्यमंत्री बनाकर योगी आदित्यनाथ ने विरोधी दलों को यह संदेश तो दे ही दिया है कि भाजपा में आने वाले दूसरे दल के नेताओं को भी पर्याप्त सम्मान मिलता है। सहयोगी दलों के हितों के स्वाभिमान और सम्मान की रक्षा के प्रति भाजपा अनवरत प्रतिबद्ध रहती है। बांह गहे की लाज की उसकी अपनी संस्कृति है और इसके लिए वह बड़े नुकसान की भी परवाह नहीं करती। भाजपा ने इस मंत्रिमंडल के गठन के जरिये यह भी संदेश देने की कोशिश की है कि उसके लिए परिवारवाद मायने नहीं रखता। जो जनसेवा की कसौटी पर खरा नहीं उतरेगा, उसके पर कतरने में पार्टी नेतृत्व एक पल भी जाया नहीं करेगा। योगी सरकार को मौजूदा समय भावुकता और धार्मिकता में गंवाने की बजाए प्रदेश के विकास अनुष्ठान में लगाना चाहिए। उसे उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाना है तो ऐसे किसी भी प्रयोग से बचना होगा जो विपक्ष को चिढ़ाते नजर आएं। यह प्रदेश सबका है। जब हम सबका साथ, सबका विकास की बात करते हैं तो हमें सबका दिल भी जीतना होगा। बुलडोजर की आरती से यह लक्ष्य वैसे भी पूरा नहीं होगा। आरती उन लोगों की होनी चाहिए जो वाकई अपने काम को ही धर्म मानते हों।

जिस तरह खास रणनीति के तहत मंत्रिमंडल का गठन किया गया है, उसी तरह खास रणनीति के तहत उत्तर प्रदेश को हर सेक्टर में मजबूती देनी होगी। व्यवस्था के कमजोर कील-कांटों को हटाना होगा और योगी ही नहीं, उनके मंत्रिमंडल का हर मंत्री उपयोगी है, इस अवधारणा को सच करना होगा।

# रामपुराहाट में हुई भीषण हिंसक घटना सर्वथा निंदनीय

**संजीव ठाकुर**

बीरभूम जिले के रामपुराहाट में हुई भीषण हिंसक घटना सर्वथा निंदनीय है। यह घटना तुणमुल कांग्रेस के एक पंचायत स्तर के नेता भादू शेख की कथित हत्या के कुछ घंटों के भीतर ही घटित हुई है ।कुछ लोगों ने अपने नेता की हत्या के प्रतिशोध में मकानों में आग लगा दी एवं दरवाजे बाहर से बंद भी कर दिए थे। एजेंसियों के अनुसार आग लगाने की पूर्व घर में निवास कर रहे बच्चों तथा महिलाओं के साथ मारपीट भी की गई, उसके पश्चात मकानों को भीषण आग के हवाले कर दिया गया। जले हुए बच्चों तथा स्त्री ,पुरुषों की लाशें पोस्टमार्टम करने लायक भी नहीं बचे थे, केवल हड्डियों और राख ही बची थी। इतनी क्रूर हत्या किसी नफरत की परिणति नहीं हो सकती। लोगों के बीच इतनी नफरत सदैव निंदनीय है।

पश्चिम बंगाल सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से शांति, सौहार्द, संस्कृति की धरोहर के रूप में माना जाता रहा है, रामकृष्ण परमहंस, विवेकानंद, रविंद्र नाथ टैगोर और इन सब से ऊपर उठकर अहिंसक महात्मा गांधी के देश में इतनी हिंसा मानवीय समझ से परे है। इन सब के ऊपर तृणमूल कांग्रेस और अन्य पार्टियों के बीच इस हत्या को लेकर राजनीति करण भी घोर निंदनीय है। ऐसा प्रतीत होता है कि पश्चिम बंगाल में पूरी तरह हिंसा और अराजकता की संस्कृति ने अपना घर बना लिया है। पश्चिम बंगाल के इतिहास में सबसे भीषण नरसंहार को लेकर राजनेताओं की प्रतिक्रिया अत्यंत आश्चर्यजनक है। हत्या में राहत देने की बजाय वहां की सरकार ने बयान बाजी कर अपना पल्ला झाड़ना चाहा है। उन्होंने कहा की कुछ छोटी मोटी घटनाओं को छोड़कर पश्चिम बंगाल में कानून राज्य की व्यवस्था अत्यंत शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित है। वहां के राज्यपाल महोदय ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा के इस भीषण नरसंहार की स्थिति में राज्यपाल तथा राज भवन केवल मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकता है। राज्यपाल ने वहां की सरकार को पत्र लिखकर कहा है की राजनीति से ऊपर उठकर मानवता के लिए तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। पश्चिम बंगाल में मानवाधिकारों की धज्जियां उड़ाई जा रही है, इस भीषण हत्याकांड से पूरा देश स्तब्ध एवं दुखी है। पश्चिम बंगाल के पुलिस के आला अधिकारी के अनुसार रामपुरहाट के बगदुइ गांव में तड़के सुबह 8 मकानों में आग लगा दी गई, जिसमें दो बच्चे और 8 लोगों की मौत हो गई। इस भीषण नफरत के खेल में बच्चों और महिलाओं का बालको क्या दोष हो सकता है,जो इस तरह इन अबोध लोगों की भी जघन्य हत्या कर दी गई। हत्या के बाद वृहद स्तर पर होती अमानवीय तू तू, मैं मैं को लेकर जितनी निंदा की जाए उतनी ही कम है। राज्य शासन का इस हत्याकांड की जिम्मेदारी से बचने का प्रयास समझ से परे है, जबकि राज्य के संवैधानिक प्रमुख राज्यपाल महोदय ने इसमें तत्काल संज्ञान लेकर वहां की मुख्यमंत्री को पत्र लिख तत्काल कार्रवाई कर मुआवजा देने की मांग की है। वहां के राज्यपाल ने यहां तक कहा की घटना की जांच के लिए गठित है एसआईटी संदेह से परे नहीं है वह केवल घटना को कवर करने के लिए और अपराधियों को वहां से सुरक्षित निकालने की कोशिश कर रही है। इस संदर्भ में माननीय कोलकाता हाई कोर्ट में भी हिंसा को लेकर संज्ञान लेते हुए सुनवाई कर 24 मार्च तक केस डायरी लाने के निर्देश प्रसारित किए थे । माननीय कोर्ट ने यह भी निर्देश दिए हैं कि क्राइम सीन पर 24 घंटे कैमरे की निगरानी रखी जानी चाहिए और कैमरे डिस्टिक जज की निगरानी में लगाए जाने चाहिए। मा,हाईकोर्ट के निर्देश पर ही संपूर्ण घटना की जांच सीबीआई द्वारा करवाई जा रही है। इतना भयानक तथा भीषण हत्याकांड संपूर्ण मानवता ही अंदर तक कांप गई है।

माननीय हाईकोर्ट न्यायालय द्वारा स्वत संज्ञान लेकर इस घटना में अपनी रूचि दिखाकर सुनवाई प्रारंभ की है। यह घटना पश्चिम बंगाल के प्रशासन पर कई तरह के प्रश्न चिन्ह लगाती है, एवं उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों पर संदेह की पैदा करती है।

## अभिव्यक्ति

# राजनीति का 'बुलडोजर काल'

**तनवीर जाफरी**

**उत्तर** प्रदेश में चुनाव से एक माह पूर्व तक बनती बिगड़ती संभावनाओं और रैलियों में उमड़ती भीड़ के दौरान कांटे की टक्कर को स्पष्ट बहुमत में बदलने का कमाल करने वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में लगभग चार दशक बाद लगातार मुख्यमंत्री का इतिहास ही नही रचा बल्कि कई ऐसी इबारत लिखी जिसे दोहरापाना नामुमकिन होगा। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही बड़े बड़े अनुभवी राजनैतिज्ञ विशेषज्ञों के अनुमानों को धता दिखाते हुए नए नए चेहरों को लाकर मंत्रीमण्डल समूह का गठन कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह सिद्ध कर दिया कि उन्होंने पिछले पॉच वर्षो में सरकार और संगठन को बहुत बरीकी से महसूस किया है। नौकरशाही के प्रति उनकी अनदेखी कहे या फिर नौकरशाही की आंकड़ेबाजी जरूर समझने में कुछ चूक योगी आदित्यनाथ से हुई जिसका परिणाम यह रहा कि पिछली बार सिर्फ 50 के अन्दर रहने वाले विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने सौ का आंकड़ा पार कर लिया। सुशासन, गरीबों को राशन सहित कई जनहितैषी योजनाओं की भरमार के बावजूद नौकरशही के नौकरी वाले रवैयें ने योगी आदित्यनाथ के तीन सौ से पार के दावें पर पानी फिरवा दिया। बहरहाल योगी आदित्यनाथ की यह दूसरी पारी पहले से अधिक जिम्मेदारी और जनता के लिए बहुत कुछ करने के साथ आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव की अभी से तैयारी है। देश की 80 करोड़ आबादी की स्थिति को देखते हुए अगले छह माह तक फ्री राशन योजना को बढ़ाकर केन्द्र की मोदी सरकार ने उत्तर प्रदेश की सरकार को आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी का इशारा कर दिया है। केन्द्र सरकार का रास्ता तय करने में उत्तर प्रदेश की भूमिका सदैव सर्वोच्च रही है। राजनैतिक दल कोई भी हो उसकी नजर सबसे पहले उत्तर प्रदेश की राजनीति पर रहती है। विधानसभा चुनाव हो या फिर लोकसभा चुनाव उत्तर प्रदेश के बारे में जिज्ञासा के साथ उत्तर प्रदेश की राजनीति में बेहतर प्रदर्शन करने वाले दल का ही प्रधानमंत्री अबतक भारत सरकार में बनता आ रहा है। पिछली सरकार में मजबूत स्थिति वाले 9 कैबिनेट और 12 राज्य मंत्रियों को संगठन में भेजने की तैयारी के साथ जो योगी सरकार 2.0 के लिए जो टीम चुनी गई है, उसमें परिवर्तन के साथ निरंतरता कायम रखने की दूरदर्शितापूर्ण समझ झलक रही है। आगामी लोकसभा की तैयारी का परिणाम रहा कि योगी सरकार के पहले कार्यकाल में उपमुख्यमंत्री रहे केशव प्रसाद मौर्य के विधानसभा चुनाव हार जाने के बाद भी उपमुख्यमंत्री बनाया गया। कारण स्पष्ट है कि प्रदेश बीजेपी में ओबीसी वर्ग के प्रमुख और सबसे विश्वसनीय चेहरा रहे हैं और 2017 के बाद 2022 के चुनावों में मिली जीत में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी रही। दूसरे उपमुख्यमंत्री रहे दिनेश शर्मा की जगह इस बार ब्राह्मण समाज के ही ब्रजेश पाठक को दे दी गई। इसी तरह प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और उत्तराखंड की राज्यपाल रहीं बेबीरानी मौर्य को मंत्रिमंडल में लेना भी महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रदेव सिंह कुर्मी समुदाय के प्रभावशाली नेता हैं तो बेबीरानी मौर्य जाटव समाज से आती हैं। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल और विविधतापूर्ण राज्य में कोई भी मंत्रिमंडल ऐसा नहीं हो सकता जिसमें हर तबके और हर क्षेत्र की भागीदारी हो सके। मगर सही अनुपात में भागीदारी से जुड़े तमाम दावों की असली परीक्षा सरकार के कामकाज से ही होती है। योगी सरकार के सामने भी मूल चुनौती अपने दूसरे कार्यकाल को पहले से बेहतर बनाने और 2024 में एक बार पुनः केन्द्र में भाजपा की सरकार की होगी। प्रदेश में अगर चुनौतियों पर चर्चा की जाए तो चुनाव के दरम्यान जो नाराजगी सरकार के खिलाफ दिखी उसके अनुसार छुट्टा जानवर,स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति अनदेखी, प्रदेश पर कर्ज, सरकारी भर्ती,सड़कों का गड्ढा, महंगाई, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था जैसी चुनौतियॉ होगी। सरकार के सम्बंध के बारे में आलोचना और सरकार की उपलब्धियों निदंक की भूमिका निभाने वाले मीडिया जगत के प्रति सरकारी अफसरों भेदभाव भरी नीति को रोकना भी योगी आदित्यनाथ की दूसरी पारी में बड़ी चुनौती होगा। यह अलग बॉत है कि सतसइया के दोहरा ज्यों नावक के तीर। देखन में छोटे लगैं घाव करैं गम्भीर।

# सौभाग्य से नेताजी सत्ता में आ गए तो..

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**युवक की बात सुन नेता जी इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने युवक की पीठ थपथपानी शुरू कर दी। बाकी बचे हुए जानवरों को अपने-अपने घौर लौट जाने के लिए कहा**

एक दफ्तर में धूर्त किस्म का एक बूढ़ा बैठा था। सठियाए बदन पर खादी ग्राम उद्योग का सफेद कुर्ता और पायजामा टंगा पड़ा था। चेहरे की झुर्रियों में जीवन भर की दल बदलू नीति वाला अनुभव कूट कूट कर भरा था। सिर पर सफेद टोपी परोक्ष रूप से सामने वाले को पहनाने के लिए थी। उंगलियों में इतनी अंगूठियां थी कि उन्हें और उंगलियां न होने का बड़ा पछतावा हो रहा था। अच्छा हुआ भगवान ने उन्हें और उंगलियां नहीं दी। दे दी होती तो और न जाने कितनी उंगलियां करते बैठते। उंगली करने की इसी आदत के चलते हर छह महीने में दल बदलते रहते हैं। दल बदलने का भी अपना खास अनुभव होता है। हर कोई जब चाहे तब दल नहीं बदल सकता। दलबदलू राजनीतिज्ञ एक ही पार्टी में जिंदगी गुजार देने वालों से खतरनाक होते हैं। मेंढक की तरह दल बदलने वाले ऐसे नेता सदाबहार मौसम की तरह होते हैं। बिना हड्डी की जुबान वाले तो कभी-कभी पानी की तरह होते है। जमाना कोई भी हो कमाना बिल्कुल नही छोड़ते है। ऐसे ही एक नेताजी पर तेजतर्रार नेतृत्व क्षमता वाले युवक को तलाशने जिम्मेदारी सौंपी गई। बेरोजगारी के इस जमाने में नेतागिरी सबसे बढ़िया रोजगार है। यह म्यूचुअल फंड और एलआईसी से भी अधिक लाभदायक है। कभी-कभी तो बिना निवेश के करोड़ों कमाया जा सकता है। सौभाग्य से नेताजी सत्ता में आ गए तो समझो उनकी बल्ले बल्ले। नेताजी ने बारी-बारी से साक्षात्कार लेना आरंभ किया। किसी युवक ने खुद को कोबरा बता कर सामने वाले को डंसने और उसकी फोटो दीवार पर लटकाने की योग्यता से खुद को सबसे योग्य बताया। किसी ने बताया कि वह नेवला है जो अच्छे-अच्छे कोबरा को खा सकता है। किसी ने खुद को कबूतर बताया। इधर की बात उधर और उधर की बातें करने की सर्वश्रेष्ठ क्षमता का धनी है। एक ने खुद को लोमड़ी बताया। माल देख कर चाल बदलने की उसकी खूबी बड़ी निराली है। और किसी ने खुद को मेंढ़क बताया जो समय रहते दल बदलने की क्षमता में अभ्यस्त है। इस तरह सभी युवकों ने अपने भीतर छिपे जानवर से आत्मसात करवाया। इतने सारे जानवरों से मिलने के बावजूद नेताजी प्रसन्न नहीं हुए। उनकी तलाश जीडीपी की भांति गिरती गई। तभी एक युवक आ धमका। बातों-बातों में उसने बताया- द्यमैंने जीवन में कभी चाय नहीं बेची है लेकिन चाय के नाम पर लंबे-लंबे भाषण झाड़ सकता हूं। मैं कोबरा सा डंसता हूं, नेवले सा खुद के अहम का शिकार करता हूं। लोमड़ी सी सोच और कबूतर सी गुटरगू कर सकता हूं।

सौ बात की एक बात मैं इंसान नही जानवरों का कॉकटेल हूं। मैं इंसान से ज्यादा जानवरों की कद्र करता हूं। आज के जमाने का सबसे बड़ा सफलता गुरुमंत्र है - इंसान नही जानवर बनो। मूल्यों का हनन करो। न रहेगा इंसान न रहेंगे मूल्य। इंसान में जानवर बस सकता है, किंतु जानवर मे इंसान हरगिज नहीं। चूँकि राजनीति में इंसानों से ज्यादा जानवरों की पूछ होती है, इसलिए मैं जानवरों की सभी कुशलताओं का हरफनमौला अंदाज पेश करना चाहता हूँ। युवक की बात सुन नेता जी इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने युवक की पीठ थपथपानी शुरू कर दी। बाकी बचे हुए जानवरों को अपने-अपने घौर लौट जाने के लिए कहा।

# भारत-दुबई घनिष्टता के नए आयाम

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

कल रात ही मैं दुबई पहुंचा और आज सुबह मैंने यह खुश खबर पढ़ी कि दुबई की कुल 160 सेवाओं में से भारत के लिए 100 सेवाओं के द्वार खोल दिए गए हैं। कुछ दिन पहले भारत के व्यापार मंत्री पीयूष गोयल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) आए थे और उन्होंने यहां के नेताओं से बातचीत करके यह समझौता किया था। अब यहां भारतीय नर्सों, इंजीनियरों, सूचना-विशेषज्ञों आदि तरह-तरह के व्यावसायिक विशेषज्ञों को काम करने की सुविधा मिलेगी। इसका नतीजा यह होगा कि भारत के लाखों सुयोग्य नौजवानों को अपनी योग्यता को परखाने का मौका मिलेगा। यदि वे दुबई और अबू धाबी में अपना सिक्का जमाएंगे तो उसकी खनक सारे अरब और अफ्रीकी देशों में भी होगी। इस समय भारत के माल को अरब और अफ्रीका के देशों में खपाने का सबसे बड़ा केंद्र यूएई ही है। भारत की कोशिश है कि द्यगल्फ कोऑपरेशन कौंसिल' के साथ भी वह कुछ इसी तरह के समझौते कर ले तो सउदी अरब, ओमान, बहरीन, कुवैत और कतर जैसे देशों के साथ उसके व्यापारिक और आर्थिक संबंध घनिष्ट हो सकते हैं। इस समय यूएई के साथ भारत का व्यापार 60 बिलियन डॉलर का है। अगले पांच वर्षों में यह दुगुना हो सकता है। दुबई से भारतीय माल बड़े पैमाने पर पाकिस्तान को भेजा जाता है। भारत-पाक व्यापार आजकल लगभग ठप्प है लेकिन पाकिस्तान के गांवों में भी यदि आप चले जाएं तो भारतीय चीजें वहां दनदनाती हुई दिखाई पड़ती हैं। दुबई को भारत से आनेवाला माल लगभग करमुक्त हो जाएगा। संयुक्त अरब अमीरात में आप कहीं भी चले जाइए, आपको ऐसा लगेगा कि आप भारत में ही हैं। यहां लगभग 35 लाख भारतीय रहते हैं। इस देश की एक तिहाई आबादी इसके बाजारों, अस्पतालों और होटलों में भारतीयों की ही दिखाई पड़ती है। अब दोनों देशों के संबंध इतने घनिष्ट होते जा रहे हैं कि ये द्विपक्षीय संबंध दुनिया के सारे मुस्लिम देशों से आगे निकल गए हैं।

# पंजाब का दूसरा सबसे सफल रन चेज, ओडियन स्मिथ की तूफानी पारी ने दिलाई जीत, मैच में लगे 27 छक्के

**मुंबई।** पंजाब किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को पांच विकेट से हरा दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बैंगलोर ने 20 ओवर में दो विकेट गंवाकर 205 रन बनाए थे। जवाब में पंजाब ने 19 ओवर में पांच विकेट पर 208 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस मैच में कुल 27 छक्के लगे। बैंगलोर की ओर से 13 और पंजाब की ओर से 14 छक्के लगे। 206 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए 14.5 ओवर में 156 के स्कोर पर पंजाब ने पांच विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद ओडियन स्मिथ मैदान पर आए। तब पंजाब को 31 गेंदों पर 50 रन की जरूरत थी। ओडियन ने शाहरुख खान के साथ मिलकर मैच पलट दिया। ओडियन को 10 के स्कोर पर अनुज रावत ने ड्रॉप किया था। इसका खामियाजा पूरी बैंगलोर टीम को भुगतना पड़ा। ओडियन आठ गेंदों पर एक चौका और तीन छक्कों की मदद से 25 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, शाहरुख 20 गेंदों पर 24 रन बनाकर नॉटआउट रहे। पंजाब किंग्स का यह दूसरा सबसे सफल टारगेट चेज है। इससे पहले उन्होंने 2014 में सनराइजर्स




हैदराबाद के खिलाफ 211 का लक्ष्य हासिल किया था।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। फाफ डुप्लेसिस की कप्तानी पारी और आखिर में दिनेश कार्तिक की आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत बैंगलोर ने 20 ओवर में दो विकेट गंवाकर 205 रन बनाए। विराट कोहली ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी की और 29 गेदों पर एक चौका और दो छक्के की मदद से 41 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, दिनेश कार्तिक ने आखिर में 14 गेंदों पर 32 रन की नाबाद पारी खेली। इसमें तीन चौके और तीन छक्के शामिल हैं।

## स्मिथ का कैच टपकाना भारी पड़ा : डुप्लेसी



**मुंबई।** पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में यहां पांच विकेट की शिकस्त झेलने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि ओडीन स्मिथ के कैच को टपकाना उनकी टीम को भारी पड़ा।मैन ऑफ द मैच स्मिथ ने महज आठ गेंद में नाबाद 25 रन की पारी खेलकर टीम बड़े स्कोर वाले मैच में एक ओवर शेष रहते पंजाब को पांच विकेट से जीत दिला दी। जीत के लिए 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते समय पंजाब की पारी के 17वें ओवर में हर्षल पटेल की गेंद पर अनुज रावत ने स्मिथ का कैच टपका जीवनदान दिया। उन्होंने अगले ओवर में मोहम्मद सिराज के खिलाफ तीन छक्के और एक चौका जड़ मैच का रुख मोड़ दिया। मैच में 57 गेंद में 88 रन की शानदार पारी खेलने वाले डुप्लेसी ने कहा, '' हमारी गेंदबाजी अच्छी थी। अगर स्मिथ का वह कैच पकड़ लेते तो हमारे पास आखिरी ओवर में बचाव के लिए 10-15 रन होते। हम अकसर कहते है कि कैच आपको मैच जीताते है।'' उन्होंने कहा, ''ओस के कारण बाद में गेंदबाजी करना चुनौतीपूर्ण था और पंजाब ने पावरप्ले में अच्छी बल्लेबाजी कर हमारी मुश्किलें बढ़ा दी थी।''

मयंक ने कहा, ''हमने 15-20 रन अधिक दे दिये लेकिन उसका पीछा करना अच्छा रहा। हमारी टीम में ऐसा माहौल है कि हर खिलाड़ी जीत दिलाने की काबिलियत रखता है।

## दिल्ली कैपिटल्स में कुलदीप को मिली मानसिक सुरक्षा : अक्षर

**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स के हरफनमौला अक्षर पटेल ने यहां कहा कि उनकी फ्रेंचाइजी ने कुलदीप यादव को टीम में जगह को लेकर सुरक्षा की भावना दी जिससे कलाई के इस भारतीय स्पिनर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में टीम के पहले मैच में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया।अपनी पूर्व फ्रैंचाइज़ी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए पिछ्ले दो सत्र में ज्यादातर मैचों में अंतिम एकदश से बाहर रहने वाले कुलदीप ने मुंबई इंडियन्स के खिलाफ 18 रन देकर तीन विकेट लिये। दिल्ली कैपिटल्स की जीत में अहम भूमिका निभानेके लिए वह मैन ऑफ द मैच चुने गये।

मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में जब अक्षर से कुलदीप के प्रदर्शन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, '' यह सब मानसिकता के बारे में है। वह आईपीएल में संघर्ष कर रहे थे क्योंकि केकेआर की टीम में उनकी जगह सुरक्षित नहीं थी। उसे यकीन नहीं था कि वह अपने सभी मैच खेलेगा।' उन्होंने कहा, ''उसे अब लगता है कि यहां आने के बाद मैच खेलना सुनिश्चित है। अगर आप जानते हैं कि आपका स्थान सुरक्षित है, और दो मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद टीम से बाहर नहीं होंगे तो आप अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकते हैं।'' केकेआर के लिए औसत प्रदर्शन करने वाले कुलदीप ने बीच के ओवरों में रोहित शर्मा और कीरोन पोलार्ड जैसे अहम विकेट लिये। दिल्ली की चार विकेट से जीत के बाद अक्षर ने कहा, '' जिस तरह से कोच रिकी पोंटिंगऔर कप्तान (ऋषभ पंत) ने उसका समर्थन किया , जिससे वह अपना सर्वश्रेष्ठ कर सका।''

## पहली बार बतौर खिलाड़ी खेले विराट कोहली, पंजाब के खिलाफ मैच में वॉर्नर के इस खास रिकॉर्ड को तोड़ा

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को आईपीएल 2022 के पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा। एक बार फिर से टीम की गेंदबाजी कमजोर कड़ी साबित हुई। फाफ डुप्लेसिस की अगुआई वाली आरसीबी 205 रन बनाकर भी पंजाब के खिलाफ मैच नहीं बचा सकी। पूर्व कप्तान और पहली बार बतौर खिलाड़ी मैच में उतरे विराट कोहली ने हालांकि एक और उपलब्धि अपने नाम की। मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए इस मैच में विराट ने शानदार पारी खेली और 29 गेंदों में 2 छक्कों और 1 चौके की मदद से 41 रन बनाकर नाबाद रहे। इस दौरान उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ दिया।

**डेविड वॉर्नर से आगे निकले विराट कोहली**

विराट कोहली अपनी 41 रन की पारी के दौरान टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले शीर्ष पांच बल्लेबाजों की सूची में शुमार हो गए। उनके 327 मैचों में अब 10,314 रन हो चुके हैं और उन्होंने इस मामले में डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ दिया। वॉर्नर ने 313 मैचों में कुल 10,308 रन बनाए हैं।

**टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज**

क्रिस गेलः 14562
शोएब मलिकः 11698
किरोन पोलार्डः 11430
एरोन फिंचः 10444
विराट कोहलीः 10314
डेविड वॉर्नरः 10308



टी-20 में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय

भारतीय खिलाड़ियों में विराट कोहली टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में अभी भी सबसे आगे हैं। इसके अलावा शीर्ष पांच में भी उनके अलावा कोई अन्य भारतीय शामिल नहीं है।

## वेस्टइंडीज ने आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड को 10 विकेट से हराया, बॉथम-रिचर्ड्स ट्रॉफी पर किया कब्जा

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच खेले गए तीसरे और आखिरी टेस्ट मैच में कैरेबियाई टीम ने चौथे दिन ही जीत हासिल कर ली। क्रेग ब्रेथवेट की अगुआई में मेजबान वेस्टइंडीज ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और इंग्लैंड को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। वेस्टइंडीज की टीम ने जीत के साथ ही तीन मैचों की बॉथम-रिचर्ड ट्रॉफी पर भी कब्ज़ा कर लिया। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के सामने जीत के लिए 28 रनों का छोटा सा लक्ष्य दिया था जिसे उसे सिर्फ 29 गेंदों में ही हासिल कर लिया। ग्रेनाडा के राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया था। उसका यह फैसला बिलकुल सही साबित हुआ। कैरेबियाई गेंदबाजों ने इंग्लैंड को 23 के स्कोर पर पहला झटका दिया। इसके बाद इंग्लैंड ने देखते-देखते 90 रन पर अपने आठ विकेट गंवा दिए। एक समय ऐसा लग रहा था कि मेहमान टीम 100 रन के अंदर ही ढेर हो जाएगी लेकिन साकिब महमूद (49) और जैक लीच (41*) ने मिलकर आखिरी विकेट के लिए 90 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की और स्कोर को 204 तक पहुंचाया।

# स्विस ओपन जीतकर सिंधु ने रचा इतिहास

**फाइनल में थाईलैंड की खिलाड़ी को सीधे सेटों में 21-16, 21-8 से हराया**

**नई दिल्ली।** इंडियन बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने बुसानन ओंगबामरंगफान को हराकर स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है। साल 2022 में यह सिंधु का दूसरा खिताब है। इस टूर्नामेंट में अपना लगातार दूसरा फाइनल खेल रहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने चौथी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की खिलाड़ी बुसानन ओंगबामरंगफान को 21-16, 21-8 से मात दी। दोनों खिलाड़ियों के बीच यह मुकाबला 49 मिनट तक चला।



**सिंधु ने जीता साल का दूसरा खिताब**

इस साल जनवरी में लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप के बाद सिंधु का यह दूसरा खिताब है। इस टूर्नामेंट में अपना लगातार दूसरा फाइनल खेल रहीं डबल ओलंपिक पदक विजेता सिंधु की यह यह 17 मुकाबलों में बुसानन पर 16वीं जीत थी। 2019 के हॉन्गकॉन्ग ओपन में केवल एक बार वह इस थाई खिलाड़ी से हारी थीं। सिंधु पिछली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में रियो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता स्पेन की कैरोलिना मारिन से हार गई थीं।

**आक्रामक होकर खेलीं सिंधु**

सिंधु ने पहले गेम में 3-0 की बढ़त बना ली, लेकिन बुसानन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कोर 7-7 कर दिया। गेम अंतराल के समय सिंधु 11-9 से आगे थीं। इसके बाद सिंधु ने लगातार प्वाइंट्स लेकर चार गेम प्वाइंट्स हासिल किए। फिर बुसानन के एक शॉट के वाइड होने पर सिंधु ने पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में सिंधु काफी आक्रामक होकर खेलीं, जिसका थाई खिलाड़ी के पास कोई जवाब नहीं था।

सिंधु ने आसानी से दूसरा गेम जीतते हुए केवल 49 मिनट में यह मुकाबला अपने नाम कर लिया।

**पीएम और खेल मंत्री ने दी बधाई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को स्विस ओपन जीतने पर बधाई देते हुए रविवार को कहा कि उनकी उपलब्धियां भारत के युवाओं को प्रेरित करती हैं। खेल मंत्री किरण रिजिजू ने भी सिंधु को बधाई दी है।

## कनाडा ने फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए किया क्वॉलिफाई, 36 साल बाद सिर्फ दूसरी बार बनाई जगह

**नई दिल्ली।** कनाडाई फुटबॉल टीम ने विश्व कप क्वॉलिफायर्स में जमैका को एकतरफा मुकाबले में 4-0 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही कनाडा की टीम ने 36 साल के लंबे इंतजार के बाद फीफा विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई कर लिया। यह दूसरी बार होगा जब कनाडा की टीम फुटबॉल वर्ल्ड कप में खेलेगी। इससे पहले आखिरी



बार वह 1986 में नजर आई थी।

कनाडा पिछले सप्ताह कोस्टारिका से 1-0 से हारने के कारण वर्ल्ड कप में जगह बनाने से चूक गया था। यह उसकी वर्ल्ड कप क्वालिफाइंग राउंड में लगातार 6 जीत के बाद पहली हार थी। लेकिन सोमवार को वह जीत की पटरी पर लौटी और फुटबॉल वर्ल्ड कप में अपनी जगह पक्की की।कनाडाई टीम जमैका के खिलाफ मैच में शुरू से ही हावी रही। उसकी तरफ से साइले लारिन 13वें मिनट में मैच का पहला गोल दागा। इसके बाद टाजोन बुकानन ने 44वें मिनट में दूसरा गोल करते हुए टीम को हाफटाइम में 2-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में भी कनाडा की टीम ने कोई ढिलाई नहीं बरती और 82वें मिनट में जूनियर होइलेट ने तीसरा और 88वें मिनट में एड्रियन मारियप्पा ने चौथा गोल कर टीम को एकतरफा जीत दिला दी।

# अक्षर और ललित के आगे मुंबई पस्त : 104 रन पर 6 विकेट गंवा चुकी थी दिल्ली, अक्षर-ललित ने 30 गेंद पर 75* रन जोड़कर दिलाई जीत

**नई दिल्ली।** आईपीएल की लोकप्रियता की सबसे बड़ी वजह यह है कि इसके मुकाबलों में अंत तक यह कहना मुश्किल होता है कि कौन सी टीम जीतेगी। दिल्ली और मुंबई के बीच खेले गए मैच में भी कुछ ऐसा ही हुआ।

178 रन के टारगेट का पीछा कर रही दिल्ली ने 13.2 ओवर में 104 रन के स्कोर पर 6 विकेट गंवा दिए थे। मुंबई की जीत तय लग रही थी, लेकिन तभी दिल्ली के ललित यादव और अक्षर पटेल ने बाजी पलट दी। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 30 गेंदों पर 75 रन की नाबाद पार्टनरशिप कर दिल्ली को यादगार जीत दिला दी।

**दिल्ली ने टॉस जीतकर चुनी थी फील्डिंग-** DC ने टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला किया था। ओपनर ईशान




किशन की 81 रनों पारी की बदौलत मुंबई ने 177 रन बनाए। इसके बाद दिल्ली बल्लेबाजी करने आई तो मुरुगन अश्विन और बासिल थम्पी ने एक ओवर में 2-2 विकेट लेकर उसे बैकफुट पर ला दिया। लेकिन अक्षर और ललित की जोरदार बल्लेबाजी से दिल्ली जीत गई।

दोनों ने आखिरी ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। इस दौरान 6 चौके और 6 छक्के लगाए। 3 ओवर में 10 का रनरेट चाहिए था, लेकिन 10 गेंद बाकी रहते ही दोनों ने जीत दिला दी।रोहित शर्मा 32 गेंदों में 41 रन बनाकर कुलदीप यादव की गेंद पर आउट हुए। हिटमैन का कैच डीप मिडविकेट पर रोवमैन पॉवेल ने पकड़ा। रोहित शर्मा IPL में लगातार नौवीं बार बिना फिफ्टी जमाए आउट हुए। आखिरी फिफ्टी पिछले साल 23 अप्रैल को पंजाब के खिलाफ जमाई थी। मुंबई के खिलाफ कुलदीप ने अब तक 2 विकेट चटकाए हैं। उन्होंने 2 साल 11 मैच बाद आईपीएल के एक मुकाबले में 2 विकेट लिए।

आखिरी बार मार्च 2019 में दिल्ली के खिलाफ 41 रन देकर लिए थे 2 विकेट। तब से तब से 11 में से 8 मैचों में एक भी विकेट नहीं ले पाए थे। तीन में 1-1 विकेट लिया था।

ईशान किशन मुंबई इंडियंस के लिए लगातार 3 पारियों में फिफ्टी लगाने वाले तीसरे खिलाड़ी बने। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर और क्विंटन डिकॉक के नाम आते हैं। पिछले सीजन में ईशान ने आखिरी दो पारियों में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ नाबाद 50 और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 84 रन बनाए थे।

## मेसी वर्ल्ड कप के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से ले सकते हैं संन्यास, घरेलू मैदान पर खेला आखिरी मैच

**अर्जेंटीना।** दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ियों में एक अर्जेंटीना के लियोनल मेसी इस साल कतर में होने वाले फीफा वर्ल्ड कप के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कह सकते हैं। उन्होंने अपने घरेलू मैदान पर आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच शुक्रवार (25 जनवरी) की रात को खेला। उन्होंने मशहूर बोम्बेनेरा स्टेडियम में शानदार गोल कर दर्शकों को भावुक कर दिया। कई दर्शक गोल होने के बाद रोते हुए नजर आए। मेसी ने मैच के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया।


अर्जेंटीना ने दक्षिणी अमेरिका वर्ल्ड कप क्वालीफाइंग राउंड में वेनेजुएला को 3-0 से हराया। मैच में निकोलस गोंजालेज ने अर्जेंटीना के लिए पहला गोल 35वें मिनट में किया। इसके बाद एंजेल डी मारिया ने 79वें मिनट और लियोनल मेसी ने 82वें मिनट में गोल दागा। पेरिस सेंट जर्मेन की ओर से क्लब फुटबॉल खेलने वाले मेसी के लिए यह साल उतना शानदार नहीं रहा है। ऐसा लग रहा है कि वे पेरिस सेंट जर्मेन की टीम में खेल का आनंद नहीं ले पा रहे हैं। अर्जेंटीना से जुड़ते ही मेसी अपने पुराने फॉर्म में नजर आए। मेसी ने अर्जेंटीना के लिए 159वें मैच में 81वां गोल किया। अर्जेंटीना की टीम पहले ही कतर में नवंबर-दिसंबर में होने वाले मैच के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। 10 टीमों की दक्षिण अमेरिकी जोन तालिका में 16 मैचों में 38 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। ब्राजील 42 अंक के साथ शीर्ष पर है।

# देश की पहली स्नो मैराथन :तंजिन डोलमा और शाश्वत बने विजेता

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल घाटी के सिस्सू में आयोजित देश की पहली स्नो मैराथन में काजा की तंजिन डोलमा को महिला वर्ग में विजेता बनने का गौरव हासिल हुआ। बर्फ के बीच 42 किलोमीटर की दौड़ को डोलमा ने पांच घंटे, पांच मिनट और 30 सेकेंड में पूरा किया। पुरुष वर्ग की मैराथन में शाश्वत ने 4 घंटे 41 मिनट 7 सेकेंड का समय लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वह मूल रूप से कर्नाटक के रहने वाले हैं, लेकिन लंबे समय से मनाली में ही रह रहे हैं। दूसरे स्थान पर 6 घंटे एक मिनट 55 सेकेंड का समय लेकर बलदेव रहे। जनजातीय जिले लाहौल-स्पीति के सिस्सू में शनिवार को हुई स्नो मैराथन में देश के कोने-कोने से पहुंचे कुल 124 धावकों ने बर्फ में दौड़ लगाई। माइनस पांच डिग्री तापमान और 10240 फीट की ऊंचाई पर धावक बर्फ में दौड़े तो कइयों की सांसें फूल गईं। सुबह एडीएम केलांग प्रिया नागटा ने मैराथन का शुभारंभ किया, जबकि उपायुक्त लाहौल-स्पीति नीरज कुमार ने विजेताओं को पुरस्कार बांटे।

**21 किमी में रोहन और दीक्षा ने मारी बाजी**

21 किलोमीटर लंबी मैराथन में रोहन ने दो घंटे 53 मिनट 41 सेकेंड का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया, जबकि दो घंटे 59 मिनट 25 सेकेंड में दौड़ पूरी



कर प्रदीप ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में दीक्षा ने बाजी मारी। दीक्षा ने दो घंटे 59 मिनट 47 सेकेंड में अपनी दौड़ पूरी की। 10 किलोमीटर की दौड़ में विश्व प्रसिद्ध धावक किरेन डिसूजा ने एक घंटा एक मिनट और 29 सेकेंड के अंदर दूरी तय कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर एक घंटा चार मिनट 53 सेकेंड का समय लेकर दौलत राम रहे। वहीं 10 किमी के महिला वर्ग में हेमलता ने एक घंटा 20 मिनट 47 सेकेंड का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया।

प्रीति ठाकुर ने एक घंटा 23 मिनट 52 सेकेंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। पांच किमी की दौड़ के पुरुष वर्ग में 28 मिनट 43 सेकेंड का समय लेकर नवनीत ने पहला स्थान और हिम्मत 31 मिनट 25 सेकंड का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में सृष्टि ने 43 मिनट 21 सेकेंड का समय लेकर प्रथम और आयशा ने 47 मिनट 53 सेकेंड का समय लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। रन फॉर फन में एक किलोमीटर में शाशिन के रामचंद ने पुरुष वर्ग में 12.2 मिनट का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया। वहीं गोंपाथांग के मेहर चंद 13.33 मिनट का समय लेकर दूसरे स्थान पर है। जबकि अंजू 15 मिनट का समय लेकर महिला वर्ग में पहले स्थान पर रही।

# विदेश संदेश

## भारत को पुतिन की निंदा करनी चाहिएः भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के एक प्रभावशाली भारतीय सांसद रो खन्ना ने कहा कि भारत को यूक्रेन पर हमले के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ''निंदा करनी चाहिए'' और नयी दिल्ली



को रूस या चीन से तेल नहीं लेना चाहिए।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में सिलिकॉन वैली का प्रतिनिधित्व करने वाले खन्ना ने कहा कि अब भारत के लिए अपना पक्ष चुनने का वक्त आ गया है। उन्होंने 'साथ एक साक्षात्कार में कहा, ''मैं भारत पर वास्तव में स्पष्ट रहा हूं और मुझे लगता है कि भारत को पुतिन की निंदा करनी चाहिए और भारत को रूस या चीन से तेल नहीं लेना चाहिए। हमें पुतिन को अलग-थलग करने के लिए दुनिया को एकजुट करना चाहिए।

## ब्रिटेनः प्रिंस विलियम ने कहा- लोग तय करें राजशाही की भूमिका, महारानी एलिजाबेथ की ताजपोशी के 70 साल पूरे

**लंदन।** महारानी एलिजाबेथ (95) की ताजपोशी के 70 साल पूरे होने के मौके पर पत्नी केट के साथ शाही प्रतिनिधि के तौर पर कैरैबियाई द्वीप समूह के आठ दिन के दौरे के दौरान हुई आलोचना के बाद प्रिंस विलियम ने कहा है कि लोग तय करें कि राजशाही की क्या



भूमिका होनी चाहिए।

इस आठ दिन के दौरे के दौरान जमैका में तारों की बाड़ के पीछे खड़े बच्चों की ओर देख शाही जोड़े के हाथ हिलाने जैसी कुछ तस्वीरों की दुनियाभर में निंदा हुई थी। शाही जोड़े को लोगों ने उनके पूर्वजों को गुलाम बनाने के लिए माफी मांगने की अपील वाले पोस्टर भी दिखाए। ब्रिटेन पहुंचकर एक बयान में विलियम ने कहा, मैं जानता हूं इस दौरे ने गुजरे जमाने और भविष्य को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने ब्रिटेन के गुलाम रहे देशों के समूह कॉमनवेल्थ के भविष्य को लेकर भी कुछ कहने से इनकार कर दिया।


## जेलेंस्की ने कहा- नाटो अपने एक फीसदी टैंक और विमान हमें दे, तो नाकाम कर देंगे रूसी हमले

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के हमलों को नाकाम करने के लिए अमेरिका समेत पश्चिमी देशों से टैंक, विमान और मिसाइलों की मदद मांगी है। उन्होंने वीडियो संदेश में कहा, नाटो महज एक फीसदी अपने विमान व टैंक ही यूक्रेन को सौंप दे, तो हम सबक सिखा देंगे। उन्होंने कहा, ये भारी हथियार वैसे भी भंडारों में धूल खा रहे हैं। हम 31 दिन से इंतजार कर रहे हैं। यूरो-अटलांटिक समुदाय का प्रभारी कौन है? क्या सच में मॉस्को से सब डर रहे हैं? गौरतलब है कि पश्चिमी देश कई बार आग्रह के बावजूद यूक्रेन को बड़े हथियार नहीं दे रहे हैं। उन्होंने एंटी टैंक और एंटी एयरक्राफ्ट मिसाइलों के साथ छोटे हथियार तो दिए, पर टैंक, विमान, दूर तक मार करने वाली मिसाइलों जैसे भारी हथियार देने से परहेज किया है। उधर, किसी बड़े यूक्रेनी शहर पर कब्जा करने में विफल रहने के बाद शनिवार को रूस ने कहा था कि वह दोनबास की मुक्ति पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसके बाद, लुहांस्क शहर के स्थानीय अलगाववादी नेता ने बयान दिया कि उनका क्षेत्र जल्द ही रूस के साथ विलय के पक्ष में जनमत संग्रह कराएगा। यूक्रेन की सेना ने आरोप लगाया कि रूस जनमत संग्रह की आड़ में यूक्रेन को दो हिस्सों में बांटना चाहता है। सैन्य इंटेलिजेंस के प्रमुख कीरिलो बुदानोव ने कहा, यह यूक्रेन में उत्तर व दक्षिण कोरिया बनाने का प्रयास है।

## सुरक्षा परिषद का निर्देश : अफगानी लड़कियों के लिए स्कूल फिर खोले तालिबान, शिक्षा के अधिकार की रक्षा की जाए

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अफगानिस्तान में सत्तारूढ़ तालिबान को निर्देश दिया है कि वह अफगानी लड़कियों के शिक्षा के अधिकार को बहाल करे। उनके लिए स्कूल फिर से खोले जाएं। तालिबान द्वारा लड़कियों की शिक्षा के वादे से मुकरने को देखते हुए सुरक्षा परिषद ने यह निर्देश दिया है।

सुरक्षा परिषद ने संयुक्त बयान में कहा कि अफगानिस्तान में सभी लड़कियों को स्कूल जाने की अनुमति दी जानी चाहिए। तालिबान ने पहले कहा था कि वह 21 मार्च से कक्षा छठी से लड़कियों की शिक्षा पर सात महीने पुराने प्रतिबंध को हटा देगा और अफगानिस्तान के नए शैक्षणिक वर्ष के पहले दिन स्कूलों को फिर से खोलेंगे। हालांकि इसके दो दिन



बाद वह वादे से पीछे हट गया।

अल्बानिया, ब्राजील, फ्रांस, गैबॉन, आयरलैंड, मैक्सिको, यूके, यूएस, नॉर्वे और यूएई की ओर से संयुक्त अरब अमीरात और नॉर्वे के स्थायी प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए एक संयुक्त बयान में सदस्यों ने इसके लिए तालिबान की आलोचना की है। सुरक्षा परिषद ने कहा कि इस हफ्ते 10 लाख से अधिक अफगान लड़कियां स्कूल लौटने को तैयार हो रही थीं, लेकिन उनकी उम्मीदें आखिरी मिनट में धराशायी हो गईं जब उन्हें पता चला कि शिक्षा के अधिकार से उन्हें अब भी वंचित रखा जाएगा। सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने कहा कि तालिबान का हालिया फैसला परेशान करने वाला है।

**16 देशों की महिला विदेश मंत्रियों ने भी की अपील**

इससे पहले दुनियाभर के 16 देशों की महिला विदेश मंत्रियों ने भी कहा था कि अफगानिस्तान की लड़कियों को माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने की अनुमति न देने से वे 'बहुत निराश हैं'। उन्होंने तालिबान से अपने इस फैसले को पलटने की अपील की। विदेश मंत्रियों ने कहा कि यह फैसला खासतौर पर परेशान करने वाला है क्योंकि हम सभी बच्चों के लिए सभी स्कूल खोलने की प्रतिबद्धता के बारे में बार-बार सुन रहे थे। उन्होंने कहा, हम तालिबान से हाल में लिया गया फैसला पलटने और देश के सभी प्रांतों में हर स्तर पर शिक्षा में समान अवसर देने की अपील करते हैं।

**विमान में महिलाओं के अकेले सफर पर रोक**

तालिबान अपने तुगलकी फैसलों के लिए दुनियाभर में चर्चित है। हाल ही में उसने अफगानिस्तान से जाने वाली उड़ानों में महिलाओं के अकेले सफर करने पर रोक लगा दी है।

अफगान एयरलाइंस के दो अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि शुक्रवार को काबुल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंची दर्जनों महिलाओं को बताया गया कि पुरुष संरक्षक के बिना वे हवाई यात्रा नहीं कर सकतीं। इनमें से कई महिलाओं के पास दोहरी नागरिकता है और वे कनाडा समेत विदेश स्थित अपने घर लौट रही थीं। कैम एयर और अफगान स्वामित्व वाली एरियाना एयरलाइंस में अकेली महिलाओं को इस्लामाबाद, दुबई और तुर्की आदि जाने की अनुमति नहीं मिली। एक अधिकारी ने बताया कि हुक्म तालिबान नेतृत्व से आया है।

## शंघाई में लॉकडाउन : चीन के सबसे बड़े शहर का बड़ा हिस्सा शुक्रवार तक बंद, फिर तेजी से फैल रहा कोरोना

**शंघाई।** चीन दो साल के सबसे भीषण कोरोना कहर से जूझ रहा है। सोमवार को चीन ने अपने सबसे बड़े शहर शंघाई के बड़े हिस्से में लॉकडाउन लागू कर दिया। इसके साथ ही शहर में बड़े पैमाने पर कोरोना टेस्टिंग शुरू कर दी गई है।

स्थानीय सरकार ने बताया कि शंघाई के पूडोंग और उसके आसपास के क्षेत्रों में सोमवार से शुक्रवार तक के लिए लॉकडाउन लगाया गया है। पूडोंग फाइनेंशिल डिस्ट्रिक्ट है। शंघाई में लॉकडाउन के दूसरे चरण में शहर को विभाजित करने वाली हुआंगपु नदी के पश्चिमी क्षेत्र में शुक्रवार से पांच दिनी लॉकडाउन होगा।

लॉकडाउन के दौरान लोगों को घरों में रहना होगा। बाहरी संपर्क बंद करने के लिए किसी भी वस्तु या सामान की डिलीवरी को चेकपॉइंट पर छोड़ दिया जाएगा। लॉकडाउन के दौरान आवश्यक कारोबार को छोड़कर



सारे व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे और सार्वजनिक परिवहन भी बंद रहेगा। शंघाई में बड़े पैमाने पर लोगों की कोरोना जांच का अभियान शुरू कर दिया गया है। 2.60 करोड़ की आबादी वाले शंघाई शहर के कई इलाके पहले से लॉकडाउन की गिरफ्त में हैं। वहां लोगों के लगातार कोविड टेस्ट किए जा रहे हैं। इससे पहले शंघाई का डिज्नी थीम पार्क भी बंद किया जा चुका है। चीन में मार्च माह में अब 56 हजार से ज्यादा कोरोना केस मिले हैं। इनमें से सबसे ज्यादा उत्तर पूर्वी प्रांत जिलिन में मिले हैं। हालांकि शंघाई में अब तक सबसे कम केस मिले हैं। शनिवार को यहां केसल 47 केस मिले, लेकिन संक्रमण तेजी से फैलता है, इस लिहाज से चीन ने लॉकडाउन कर हालात को तेजी से काबू में करने के कदम उठाए हैं। चीन ने पहले भी कोविड-19 पर तेजी से काबू किया था। वह 'जीरो कोविड नीति' पर अमल करता है, इसलिए कड़े कदम उठाकर महामारी पर तेजी से काबू किया जाता है। इसके लिए आक्रामक तरीके भी अपनाता है। जीरो कोविड पॉलिसी में वह सामुदायिक स्तर पर संक्रमण रोकने के उपाय करता है और जरूरत पड़ने पर सख्त लॉकडाउन लगाया जाता है। इसका अमल कराने वाले सरकारी कर्मचारियों को लापरवाही बरतने पर सख्त सजा दी जाती है।

## अमेरिका के जंगल में आग से 19 हजार को छोड़ने पड़े घर



**कोलोराडो ।** अमेरिका के कोलोराडो राज्य के जंगल में लगी आग धीरे-धीरे दक्षिणी शहर बोल्डर की तरफ बढ़ रही है, जिसकी वजह से 19 हजार लोगों को घर छोड़ने के लिए कहा गया है।

शहर के आपदा प्रबंधन कार्यालय ने बताया कि जंगल की आग 123 एकड़ में फैल गई, जिसकी वजह से आसपास के आठ हजार घरों में रहने वाले 19 हजार लोगों को घरों से निकलने के लिए कहा गया। बोल्डर पुलिस ने ट्वीट कर बताया कि टेबल मेसा के निकट संरक्षित वन भूमि में आग लगी आग की वजह से एल्डोराडो कैन्यन स्टेट पार्क को बंद कर दिया गया है।

## इस्राइल के पीएम को कोरोना : पहली आधिकारिक भारत यात्रा पर आने वाले हैं नफ्थाली बेनेट, पीएम मोदी ने दिया न्योता

**तेल अवीव।** इस्राइल के पीएम नफ्थाली बेनेट कोरोना संक्रमित हो गए हैं। उन्होंने इसी माह के आरंभ में भारत की आधिकारिक यात्रा करने का एलान किया था। उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत यात्रा का न्योता दिया है। भारत यात्रा से कुछ दिन पहले पीएम बेनेट कोविड पॉजिटिव पाए गए हैं। उनके दफ्तर ने बताया कि वह सेल्फ आइसोलेशन में चले गए हैं। उन्हें कोई तकलीफ नहीं है। वह घर पर पृथकवास में रहते हुए कामकाज करते रहेंगे। भारत यात्रा के दौरान बेनेट पीएम मोदी और अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से मिलने वाले थे। वे देश में यहूदी समुदाय के लोगों से भी मिलने वाले थे। बेनेट के कहा था, 'मैं अपने मित्र, प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा करने के लिए



खुश हूं। हम अपने देशों के रिश्तों की खातिर आगे बढ़ते रहेंगे।'

इस्राइल के पीएम की यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रणनीतिक गठबंधन को आगे बढ़ाना और मजबूत करना तथा द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार करना था।इसके अलावा अर्थव्यवस्था, अनुसंधान और विकास, कृषि व अन्य क्षेत्रों में निवेश व सहयोग पर चर्चा करने वाले थे।

## एक मई से लागू हो सकता है भारत-यूएई के बीच मुक्त व्यापार समझौता : गोयल

**दुबई।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) इस वर्ष एक मई से लागू हो सकता है।इस समझौते के तहत कपड़ा, कृषि, सूखे मेवे, रत्न और आभूषण जैसे क्षेत्रों के 6,090 सामानों के घरेलू निर्यातकों को यूएई के बाजार में शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। भारत और यूएई ने व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर फरवरी में हस्ताक्षर किए थे। इसका उद्देश्य अगले पांच वर्षों में मौजूदा 60 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 100 अरब डॉलर करना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''इस समझौते के बारे में विस्तृत जानकारी जारी कर दी गई है और



अब हम अपने सभी कागजी काम पूरे करने, सभी सीमा शुल्क अधिसूचनाओं को तेजी से जारी करने का प्रयास कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि इसे एक मई, 2022 तक शुरू किया जा सकता है।'' गोयल ने यहां दुबई एक्सपो में कहा, ''वर्तमान में हम यूएई को लगभग 26 अरब डॉलर के सामान का निर्यात कर रहे हैं। इसमें से लगभग 90 प्रतिशत वस्तुओं पर पहले ही दिन सीमा शुल्क समाप्त हो जाएगा। अगले पांच या दस साल में बाकी 9.5 फीसदी (करीब 1,270 सामान) वस्तुओं पर भी सीमा शुल्क शून्य हो जाएगा।

## यूक्रेन के कई शहरों पर मिसाइलों से हमला, जेलेंस्की का दावा- रूस ने मैरियूपोल के 2000 बच्चों की चोरी की

**कीव।** 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूस ने हमला किया था। इसके बाद से अब तक जंग जारी है। रूस यूक्रेन के कई शहरों को तबाह कर चुका है। पोलैंड में जो बाइडन के इस बयान पर कि पुतिन को रूस की सत्ता में और समय तक बने रहने नहीं दिया जा सकता, अमेरिकी विदेश मंत्री ने सफाई दी है और कहा है कि हमारी ऐसी कोई योजना नहीं है। वहीं, पोप फ्रांसिस ने एक बार फिर युद्ध रोकने की अपील की है। साथ ही तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोआन ने रविवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ

रिपोर्ट जारी की है, जिसमें दावा किया गया है कि रूस ने महत्वपूर्ण



नुकसान झेलने के बाद कीव के आसपास के सैनिकों को वापस ले लिया है।

**मैरियूपोल के विनाश की तुलना सीरिया के अलेप्पो शहर से की**

यवेस ले ड्रियन ने यूक्रेन के दक्षिण-पूर्वी शहर मैरियूपोल में तत्काल कार्रवाई का आह्वान किया है, जिसमें सीरिया के अलेप्पो के विनाश की तुलना की जा रही है। वहीं फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूक्रेन संघर्ष से निपटने के लिए शब्दों और कार्यों दोनों में बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने व्लादिमीर पुतिन को कसाई बोला था और कहा था कि उन्हें सत्ता में नहीं रहना चाहिए।

**चेर्नोबिल पावर स्टेशन पर गैर-जिम्मेदाराना कब्जे से पूरे यूरोप में विकिरण रिसाव का खतरा**

यूक्रेन के उपप्रधान मंत्री ने रूस पर कब्जे वाले चेर्नोबिल पावर स्टेशन के आसपास गैर-जिम्मेदार कृत्यों का आरोप लगाया है जो पूरे यूरोप को विकिरण से प्रभावित कर सकता है और संयुक्त राष्ट्र से जोखिमों का आकलन करने के लिए एक मिशन भेजने का आग्रह किया।

**जेलेंस्की का दावा है कि रूस ने मैरियूपोल के 2000 बच्चों की चोरी की**

रूसी पत्रकारों के साथ यूक्रेनी किया कि रूस ने शहर से नागरिकों को निकालने के प्रयासों के दौरान मारियुपोल से 2,000 बच्चों को 'चोरी' की है।

**ऑस्कर में यूक्रेन के राष्ट्रपति बोलेंगे या नहीं, अभी पक्का नहीं**

इस बात पर बहुत चर्चा चल रही है कि जेलेंस्की ऑस्कर में बोल सकते हैं। लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वह ऑस्कर में लोगों को संबोधित करेंगे या नहीं।

**परमाणु संयंत्रों से रेडियोधर्मी पदार्थ का रिसाव नहीं**

यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री ने कहा कि रूसी टैंक के चेर्नोबिल और झापोरिझिया में परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर हमला करने के बाद से किसी भी रेडियोधर्मी पदार्थ का

## अमेरिका रूस में पुतिन को सत्ता से हटाने की कोशिश नहीं कर रहा: विदेश मंत्री ब्लिंकन

**यरुशलम।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि यूक्रेन पर रूस के हमले की कड़ी निंदा के बावजूद अमेरिका रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को सत्ता से हटाने की कोशिश नहीं कर रहा। ब्लिंकन की इस टिप्पणी के एक दिन पहले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पोलैंड के वारसा में एक भाषण के दौरान पुतिन के बारे में कहा, ''भगवान के लिए, यह आदमी सत्ता में नहीं रह सकता।'' यरुशलम में संवाददाता सम्मेलन में ब्लिंकन ने कहा कि बाइडन का कहना था कि ''पुतिन को युद्ध छेड़ने या यूक्रेन या किसी और के खिलाफ आक्रमण करने का अधिकार नहीं दिया जा सकता है।''ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका बार-बार कह चुका है कि ''रूस में या कहीं हमारे पास शासन परिवर्तन की कोई रणनीति नहीं है।'' कीव – यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने फिर से पश्चिमी देशों



से यूक्रेन को युद्धक विमान और वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली प्रदान करने का आग्रह किया है। रविवार तड़के एक वीडियो संबोधन में जेलेंस्की ने कहा कि ''हमारे भागीदारों के पास वह सब है और इस पर सिर्फ धूल जमा हो रहा है। वास्तव में यह न केवल यूक्रेन की स्वतंत्रता के लिए बल्कि यूरोप की है।''जेलेंस्की ने आगाह किया कि बाल्टिक देशों-पोलैंड और स्लोवाकिया को भी रूसी हमले का सामना करना पड़ सकता है ''सिर्फ इसलिए कि उन्होंने अपने हैंगर में नाटो के सभी युद्धक विमानों का सिर्फ एक प्रतिशत और नाटो के सभी टैंक का एक प्रतिशत रखा होगा। बस एक ही प्रतिशत...हम ज्यादा नहीं मांग रहे हैं और हम 31 दिनों से उसका इंतजार कर रहे हैं।'' जेलेंस्की ने कहा कि ''हमारे सहयोगियों को यूक्रेन के लिए अपनी सहायता बढ़ानी चाहिए।'' दोहा :अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रमुख क्रिस्टलीना जॉर्जीवा ने चेतावनी दी है कि यूक्रेन में रूस के युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक आर्थिक तनाव पश्चिम एशिया और उसके बाहर नागरिक अशांति को भड़का

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

## श्रीलंका के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मिले जयशंकर, मदद का दिया भरोसा

**कोलंबो।** भारत के विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर सात देशों के बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए श्रीलंका गए हैं। सोमवार को उन्होंने श्रीलंका के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री से मिल कर उन्हें संकट काल में हर संभव मदद का भरोसा दिया।

श्रीलंका इस समय अभूतपूर्व आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। विदेशी मुद्रा की कमी के कारण श्रीलंका को भारी आर्थिक संकट के साथ ऊर्जा संकट का भी कष्ट सहना पड़ रहा है। वहां महंगाई जानलेवा हो गयी है और विदेशी कर्ज का बोझ सरकार को परेशान किए हुए है। हाल ही में भारत ने श्रीलंका को एक अरब डॉलर की ऋण सहायता देकर आर्थिक संकट से निपटने में मदद की पहल की थी।

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे और प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे से मुलाकात



की। उन्होंने श्रीलंकाई नेतृत्व को भारत की ओर से लगातार हर संभव सहयोग बनाए रखने के प्रति आश्वस्त किया। राष्ट्रपति गोटाबाया के साथ अपनी बातचीत में जयशंकर ने श्रीलंका को अपना घनिष्ठ पड़ोसी करार देकर संबंधों के विभिन्न आयामों पर विचार विमर्श किया।

बाद में ट्वीट कर उन्होंने कहा कि श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया से भेंट करते हुए खुशी हो रही है। हमने अपने घनिष्ठ पड़ोसी को भारत के निरंतर सहयोग और समझ का आश्वासन दिया। गोटाबाया ने भारत द्वारा दी गई मदद के लिए सरकार का आभार जताया। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने भी ट्वीट कर कहा कि आज भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात की और मैंने श्रीलंका के लोगों की ओर से भारत द्वारा हाल ही में प्रदान की गई बेशकीमती सहायता के लिए भारत सरकार का आभार जताया।